

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...








वर्ष-01 | अंक-13 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठः 4, | मुल्य = 4 रूपया | मंगलवार, 3 जनवरी 2023


## संक्षिप्त समाचार

## नीतीश कुमार के शासन में एकता और भाईचारा का है माहौल : शाह हसन



**दैनिक शुभ भास्कर गौतम सुमन गर्जना**

भागलपुर/ पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर सोमवार को अल्पसंख्यक समुदाय के वुद्धिजीवियों और प्रदेश के खानकाहों के सज्जादानशींनों की एक बैठक आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता खुद सुबे के मुखिया नीतीश कुमार ने की.बैठक में समाज में एकता,भाईचारा और समाज में नफरत फैलाने वालों को किस प्रकार रोका जा सकता है, इस पर विचार-विमर्श किया गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में देश के प्रसिद्ध खानकाए-ए-पीर दमड़िया शाह के 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास कर रहा है और समाज में एकता और भाईचारा का माहौल कायम है.उन्होंने उनके सुशासन पर उम्मीद और भरोसा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के शासन काल में मजीद अल्पसंख्यक समुदाय का विकास निश्चित रुप से होगा.सैयद शाह हसन ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के बीच शिक्षा और तेजी से विकास हो, इसके लिए प्रदेश के हर जिले में पलस-टू अल्पसंख्यक आवासीय विधालय खोलने का प्रावधान है और शीघ्र ही इसपर काम शुरू किया जाएगा.इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा. इस मौके पर खानकाह-ए-मुनीमिया मितन घाट के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम मुनीमी, खानकाह-ए-बाहर शरीफ के सज्जादानशीं सैयद सैफुद्दीन फिरदौसी,जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, शिक्षा मंत्री विजय चौधरी,युसुफ हुसैनी, डॉ.अब्दुल हैय,अब्दुल्ला बुखारी आदि मौजूद थे.

## भारत स्काउट - गाइड के 18 वीं राष्ट्रीय जंबूरी में लखीसराय के बच्चे भी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

### नए साल में 4 से 10 जनवरी तक राजस्थान के रोहट पाली में होगा आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर**
**लखीसराय/ संवाददाता अनुराग आनंद**

लखीसरायः- नए साल में नया तोहफा मिला बिहार के 29 जिला को जिसमें लखीसराय जिला के स्काउट-गाइड सम्मलित है. आने वाला दिन चार जनवरी से दस जनवरी तक राष्ट्रीय जम्बूरी (जमावड़ा) का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री भी शामिल होगे। इस क्रार्यक्रम के लिए बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव डॉ अमरनाथ प्रसाद के दिशानिर्देश पर 29 जिला अपने टीम का गठन करके जम्बूरी कैम्प के लिए रवाना हो रहे हैं।




जिसमें जिला शाखा लखीसराय से 9 स्काउट और 9 गाइड को चयनित, जिला संगठन आयुक्त के द्वारा किया गया। इसके साथ एक स्काउट मास्टर व एक गाइड कैप्टन के रूप लखीसराय जिला संगठन आयुक्त स्काउट डीओसी मृत्युंजय कुमार व गाइड डीओसी वंदना कुमारी स्वयं बच्चों के साथ राजस्थान के लिए बीते रात्रि 1: 30 बजे क्यूल जंक्शन से रवाना हुए। लखीसराय स्काउट गाइड का जिला सचिव जलेश्वर पंडित ने बताया कि जिले के 18 सदस्य टीम जिलें के गौरव बढ़ाने के लिए राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी कैम्प में शामिल होकर जिला ही नहीं बल्कि देश का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे, उन्होंने कहा कि उन्हें स्वयं पर विश्वास है। "हमारा कर्म हो सेवा हमारा धर्म हो सेवा, सदा ईमान हो सेवा" इस सेवा भाव से ज़िले का गौरव बढ़ाने का काम करेंगे इस राष्ट्रीय शिविर वैसे स्काउट - गाइड को चयनित किया गया जिनका उम्र 18 वर्ष से कम हो वैसे छात्र छात्राओं को जिलें के विभिन्न प्रखंडों से जिला संगठन आयुक्त के द्वारा चयनित किया गया। जिसमें रीवा कुमारी, दिव्या कुमारी, वर्षा कुमारी, साहुल कुमार, आदित्य रंजन झा इत्यादि लोगों बढ़चढ़ भाग लेने के लिए जिला से रवाना हुए। इन सभी प्रतिभागियों को लखीसराय जिला के कब मास्टर अनुराग आनंद के द्वारा उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए। बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

## आठ सूत्री मांग को लेकरे हड़ताल पर गये पीडीएस डीलर




**दैनिक शुभ भास्कर बांका/कटोरिया संवाददाता श्रीकान्त यादव**

बांका/कटोरिया प्रखंड मे आठ सूत्री मांग को लेकर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के सैकड़ों डीलर सांकेतिक हड़ताल पर चले गये। इस संबंध में प्रखंड के डीलर संघ अध्यक्ष दिनेश यादव ने कार्यालय में मशीन को सौप दिया है। नौ जनवरी तक सभी डीलर इ-पोस मशीन को बंद रखेंगे। जानकारी के मुताबिके डीलर 30 हजार मानदेय की मांग कर रहे हैं । वही मार्जिन मनी का भुगतान लंबित होने के कारण सभी डीलर हड़ताल पर चले गए और कई मांगे हैं। जिसकी पूर्ति के लिए सभी पीडीएस डीलर सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। जिला संघ के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ने बताया कि खाद्यान्न वितरण के एवज में डीलर को बहुत कम कमीशन दिया जाता है। जिससे उनका घर परिवार नहीं चलता है, इसलिए 30 हजार वेतन की मांग को लेकर डीलर हड़ताल पर चले गए। जिससे जनवरी माह के खाद्यान्न वितरण पर असर पड़ रहा है। साथ ही डीलर से अपील की गई है कि हड़ताल के दौरान कोई भी डीलर ई पोस मशीन से खाद्यान्न वितरण नहीं करेंगे।

## पीरपैंती : चौखंडी में आग लगने से 2 घर 18 बकरी सहित सारा सामान जलकर भस्म



**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**

पीरपैंती-परशुरामपुर पंचायत के चौखंडी गांव में सुबह आग लगने से 2 घर जल भष्म हो गया । स्थानीय मुखिया पवन यादव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे रूपम देवी पति प्रमोद मंडल और पुगली देवी पति गणेश मंडल के घर खाना बनाने के दौरान आग लगी है आग के लपेट में आने से दो फूस का घर 18 बकरी सहित घर का सारा सामान जल कर खाक हो चुका था तभी ग्रामीणों ने अनन फानन किसी तरह से आग पर काबू पाया और अन्य घरों को जलने से बचा लिया लेकिन दमकल घटना स्थल पर नहीं पहुंच पाया। इधर घटना की सुचना मिलने पर पीरपैंती प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल सी ओ चंदन कुमार चक्रवर्ती, अंचल निरक्षक सह राजस्व कर्मचारी श्री वेद प्रकाश कंठ, अंचल नाजिर मिथलेश कुमार कर्ण, द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पहुंच अग्नि पीड़िता को आपदा के 9800, रुपए का चेक दिया प्रमुख रश्मि कुमारी व मानिकपुर अरविंद साह ने कहा की पीड़ितो को नुकसान को देखते हुए यह राशि नाकाफी है लेकिन इस कड़ाके की ठंड में इतना जल्दी सहायता राशि की चेक देने के लिए सी ओ बधाई के हकदार । इस मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि दिनेश मंडल, सरपंच मुन्ना सिंह, वार्ड गजेंद्र सिंह, उप मुखिया सूचित मंडल बीजेपी नेता अमित सिंह ग्रामीण कन्हैया सिंह सहित अन्य ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहें।

## अचानक ठंढ और शीतलहर बढ़ने से अलाव की मांग उठने लगी है

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां /संवाददाता**

सोमवार को इस वर्ष का सबसे अधिक ठंढ का दिन माना जा रहा है। एकओर ठंढ और शीतलहर से दिनभर लोग घर में दुबके रहे। भगवान भास्कर का दिनभर दर्शन नहीं हुआ। भ्रमण के क्रम में मिजार्पुर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में अलाव के पास अस्पताल के एएनएम और अस्पताल के सुरक्षा गार्ड को बैठे देखा। अस्पताल सुरक्षा गार्ड विजय कुमार यादव का कहना है कि अलाव की व्यवस्था हमने अपने स्तर से किया है। सरकारी स्तर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इधर सीओ निशिथ नन्दन का कहना है कि लदनियां सीएचसी, गांधी चौक, बस स्टैंड सहित अंचल क्षेत्र के 7 सार्बजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

## नववर्ष के अवसर पर आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले मे तिरुमला पर्वत पर भगवान बिष्णु जी का सांपडहर के युवा नेता देव यादव ओर उनके मित्रों ने किए दर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर**
**बांका/कटोरिया /श्रीकान्त यादव**

कटोरिया (बोंसी) क्षेत्र के सांपडहर पंचायत के यूवा नेताओं द्वारा अंग्रेजी नववर्ष के शुभ अवसर पर आंध्रप्रदेश स्थित चित्तूर जिले में तिरुमाला पर्वत पर भगवान बिष्णु जी का दर्शन करने और आशिर्वाद लेने का सोभाग्य प्राप्त किया। जिनमे सामिल देव यादव समाज सेवी के साथ मे सामिल गोकुला पंचायत,फागा पंचायत,कोल्हासार पंचायत,संघा पंचायत,चिलकारा पंचायत के युवा थे। जिनका नाम राजेश तिवारी, निक्कू यादव,सौरव कुमार, विकाश यादव,संदीप यादव,चुनचुन कुमार,पंकज यादव, मुकेश यादव,पवन कुमार यादव ये सभी दर्शनार्थियों ने भाग लिया।इस अंग्रेजी नए साल के पावन पर्व पर



सभी क्षेत्र वासियों को आने वाला प्रत्येक नया दिन के जीवन में अनेकानेक सफलताएँ एवं अपार खुशियाँ लेकर आए '' इस अवसर पर ईश्वर से यही प्रार्थना है कि वह वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि और समृद्धि के साथ-साथ आजीवन क्षेत्र वासियों को जीवन पथ पर गतिमान रखे '' और हमारा क्षेत्र और आगे बढ़े और अपने क्षेत्र वासियों को फैसबुक व्हाट्सएप के माध्यम से अंग्रेजी नए वर्ष की सुभकामनाएं दिए।देव यादव कुछ मंदिर के बारे में कहा कि तिरुपति बालाजी का वास्तविक नाम श्री वेंकटेश्वर स्वामी है जो स्वयं भगवान विष्णु हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भगवान श्री वेंकटेश्वर अपनी पत्नी पद्मावती के साथ तिरुमला में निवास करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से भगवान वेंकटेश्वर के सामने प्रार्थना करते हैं, उनकी सभी मुरादें पूरी हो जाती हैं। भक्त अपनी श्रद्धा के मुताबिक, यहां आकर तिरुपति मंदिर में अपने बाल दान करते हैं। और मान्यता है कि भगवान के इस रूप में मां लक्ष्मी भी समाहित हैं जिसकी वजह से श्री वेंकटेश्वर स्वामी को स्त्री और पुरुष दोनों के वस्त्र पहनाने की परम्परा है।

## एक नजर

## दोस्त को दोस्त ने ही मारी गोली, मौत, मचा कोहराम

**दैनिक शुभ भास्कर**
**हाजीपुर(वैशाली)**

वैशाली जिले में नये साल के शुरूआत होते ही अपराधियों का तांडव शुरू हो गया।जिले में पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए अपराधियों ने एक दिल को झकझोरने वाली घटना को अंजाम दिया है।यह घटना अपने आप में अविश्वसनीय है।एक दोस्त की दोस्ती पर सवाल खड़े करता है।दोस्ती को लेकर न जाने कितनी कहानियां सुनी होगी लेकिन यह घटना दोस्ती के नाम पर घृणा पैदा करती है।दोस्त दोस्त की खातिर जान देता है।लेकिन जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र में एक दोस्त ने ही अपने दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गया है।युवक की कारण से दोस्त ने ही दोस्त की जान ले ली फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।घटना की




जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है।वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र के कंडोहिया चिमनी के पास एक युवक का शव पाया गया है।चिमनी के पास शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई।वहीं जैसे-जैसे इलाके में खबर फैलती गई घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची लोगों की भीड़ ने मृतक की पहचान पातेपुर थाना क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी मनोज झा के बेटे शुभम कुमार झा(22 साल)के रूप में की।बताया जा रहा है कि जब गांव में नए साल का जश्न चल रहा था कि इसी बीच शुभम का एक दोस्त उसे घर से बुलाकर अपने साथ ले गया। बात करते करते शुभम को उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर चिमनी की तरफ ले गया और शुभम को गोली मारकर मौके से फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और नए साल का जश्न मातम में बदल गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले के छानबीन में जुट गई है। किस कारण एक दोस्त ने अपने ही दोस्त की जान ले ली यह पहेली बना हुआ है।पुलिसिया तहकीकत के बाद ही मामले के खुलासे होगा।

## भागलपुर जिला मे तापमान मे गिरावट जारी है डीएम सुब्रत कुमार सेन ने दिशानिर्देश जारी किया

**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**

भागलपुर जिला मे भी तापमान मे गिरावट दौर जारी डीएम ने किया दिशानिर्देश जारी बिहार मे भी शीतलहर है जारी ठंड का कहर बड़ता जा रहा है तापमान मे लगातार गिरावट आ रही है ठंड के कारण आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया है घने कोहरे के कारण सड़क पर गाड़ी रेंगती हुई नजर आ रही है सुबह और शाम मे ठंड अधिक नजर आ रही है लोगो का घरो से निकला मुश्किल हो गया है जिला प्रशासन ने ठंड से बचने की सलाह दी है भागलपुर जिला मे भी तापमान मे लगातार गिरावट जारी है सुबह सुबह सीत लहरी जारी रहेगा पछ्वा हवा चलने की आशंका है इस से कनकनी बड़े गी भागलपुर मे भी बच्चो को सर्दी, खासी ,जुकाम, ना



हो इस को लेकर डीएम ने दिशानिर्देश जारी किया है सरकारी तथा गौर सरकारी स्कूल को 3 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है भागलपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन ने एक पत्र जारी किया है सभी प्रखंड तथा अंचलाधिकारी को सूचना दिया है सरकारी तथा गौर सरकारी स्कूल को बंद कराने का आदेश दिया है

## सीमावर्ती क्षेत्र के शराब धंधेबाज में पुलिस और एसएसबी जवानों के खौफ अब उठने लगे हैं

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां / संवाददाता**

यही कारण है कि सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे लदनियां चोर बाजार के पास एसएसबी जवानों ने अपने अस्थायी पोस्ट के निकट ही 30 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ एक नाबालिग को बालक को रंगेहाथ पकड़ा। पकड़ा गया शराब धंधेबाज की पहचान लदनियां थाना क्षेत्र के शिवनाथ पूरी सोलह वर्ष के रुप में की गई। जो इसी थाना क्षेत्र के महुआ गांव का रहने वाला है। एसएसबी एस आई कृष्ण लाल के मुताबिक शराब धंधेबाज शिवनाथ पूरी को इंडोनेपाल सीमा पीलर संख्या 261/ 1 के पास पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन और जब्त शराब के साथ शराब धंधेबाज को आवश्यक कार्रवाई के लिए लदनियां थाना अध्यक्ष के



हवाले कर दिया। इधर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आवेदन के आलोक में केस दर्जकर आरोपी को न्यायिक हिरासत मधुबनी भेज दिया गया।

## दुल्हिन बाजार में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर**
**पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

दुल्हिन बाजार/ स्थानीय बाजार स्थित वर्मा एजुकेशन एंड कम्प्यूटर सेंटर के प्रांगण में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जानकारी के अनुसार आयोजित प्रदर्शनी में सैकड़ो छात्र-छात्राओ ने न्यूटन चकती, प्रकाश का प्रवर्तन, एटीएम मशीन, जलचक्र, उत्सर्जन तंत्र, फेफड़ा का कार्य, दृष्टि दोष, केमिकल रिएक्शन, एल ई डी, इलेक्ट्रिक टेस्टर प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद सैकड़ो अभिभावको ने सभी विज्ञान प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और दुल्हिन बाजार में एक अच्छा पहल महसूस किया। संस्था के डायरेक्टर इंजीनियर नीरज मौर्य ने बताया कि हम छात्रों को किताबी कीड़ा नही बनाते बल्कि उन्हें प्रैकटीकल तौर पर तैयार करते हैं ताकि वे अपने सभी विषयों में



मजबूत पकड़ बना सके व परीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त कर सके। मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों के बीच रंजीत मौर्य, भवन मौर्य, सरिता देवी, समीर सरगम, भूषण कुमार व अनिल कुमार ने पुरस्कार का वितरण किया।

# ठंढ से बचाव के लिए अलाव की मांग किया



**दैनिक शुभ भास्कर**
**मकेर/सारण/संजीव शर्मा/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मकेर प्रखंड में खुले आसमान के नीचे रहने वाले गरीब और जरूरतमंद लोगों को ठंढ से बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही किये जाने के कारण गरीबो को काफी कठिनाई हो रही है ।वे लोग इस कराके के ठंढ में ठिठुरने को विवश हैं । प्रखंड के समाजसेवी नरसिंह मिश्रा लीला राय सुमन शर्मा मकेर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्रा भाजपा नेता निरंजन शर्मा डॉ सचिंदर साह ने प्रशासन से चौक चौराहे पर अलाव जलाने की मांग किया है ताकि जरूरतमंद गरीब असहाय लोगो को ठंढ से राहत मिले। विदित हो कि सरकार भीड़ भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की दिशा निर्देश जारी करती हैं लेकिन मकेर प्रखंड में प्रशासन द्वारा अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नही की गई हैं ।

# हवा के साथ शीतलहर में तेजी के कारण ठंड में इजाफा, कुहासे से लोग परेशान

**दैनिक शुभ भास्कर**
**जलालपुर/सारण ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रचंड सर्दी ने अपना रौद्ररूप दिखाना शुरू कर दिया हैं लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं ।बीती रात में शीतलहर की वजह से रात एवं सुबह में तेज कनकनी और कंपकंपी बढ़ती चली जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कोहरे और धुंध की वजह से लोगों को अहले सुबह काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है ।लेकिन पछेया हवा के शुरू होते ही आसमान साफ होने के बजाय ओश कण तुषार पात होता जा रहा है ।फलतः अब दोपहर में धुप की गर्मी में भी लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल पा रहा है ।चालू मौसम में कुहासे से उत्पन्न सुबह के धुधंलापन से पशु पालन एवं खेती बाड़ी का काम बुरी तरह से प्रभावित हो जा रहा है ।लोगों का ठंड में काम काज बुरी तरह से प्रभावित होता जा रहा है ।उधर खेती बाड़ी के काम में रवि फसलों का पटवन का कार्य करना किसानों के लिए कठिन होता जा रहा है। वहीं जलालपुर प्रखंड के किसान मंटू सिंह ने बताया कि ठंड और शीत लहर के कारण किसानों की फसल सरसों, आलू, मक्का, मटर, गोभी की फसले शीत लहर के कारण नुकसान हो रहा है ।पशुपालकों को पशुओं को खिलाने के लिए चारा को खेतों से लाना मुश्किल होता जा रहा है ।किसानों को चालू मौसम में पाला गिरने की आशंका जताई जा रही हैं जिससे खाशकर सब्जी फसलों को भारी नुकसान होने के आसार बढ़ते जा रहे हैं ।माघ के पाला गिरने से इंकार नहीं किया जा सकता है ।दूसरी ओर ठंड से बच्चे और बूढ़े लोगों का जीवन यापन करना काफी मुश्किल होता जा रहा है ।बूढ़े एवं बच्चों को संयमित व घरों में कैद रहना पड़ रहा है ।यह हालात जिला व राज्य भर के लोगों को सामना करना पड़ रहा है। छपरा के जिलाधिकारी ने ठंड के बढ़ते प्रभाव को देख विद्यालयों में बंदी का आदेश दे चुके हैं।



# बिहार जाति आधारित जनगणना का प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारम्भ

**दैनिक शुभ भास्कर**
**बनियापुर/सारण/ नवनीत मिश्रा/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

बनियापुर प्रखंड के एमड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्हौली मे सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज ऑफिसर कपूर्री ठाकुर के सफल संचालन मे बिहार जाति आधारित गणना 2022 का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। जिसमे प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षक, प्रगणक चार्ज का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 3 जनवरी तक चलेगा ।दो दिनों मे पंचायतवार ब्लाक के अनुसार सभी पर्यवेक्षकों,प्रगणको का प्रशिक्षण पुरा कर लिया जाएगा ।पहले दिन 405 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया,दूसरे दिन शेष गणना ब्लाक के प्रशिक्षु प्रशिक्षण मे शामिल होंगे ।बीडीओ ने बताया कि बिहार जाति आधारित गणना का प्रथम चरण है,जो 7 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रगणक अपने आवंटित ब्लाक का निर्धारण,नजरिया नक्शा,तथा मकान सूचीकरण का कार्य पुरा करेंगे ।जिनके लिए उन्हे आवश्यक समग्री,सहित प्रपत्र, निर्देश पुस्तिका उपलब्ध करा दी गयी है ।मौके पर अंचलाधिकारी स्वामीनाथ राम कृषि पदाधिकारी अभय कुमार बी पी अर ओ तरुण कुमार फिल्ड ट्रेनर शैलेन्द्र पाण्डेय आबिद हुसैन उदय कुमार जे एस एस नरेश चौधरी आस मोहम्मद रामाधार कुमार राजीव पाठक राजू कुमार सहित सभी फिल्ड ट्रेनर व प्रखंड कर्मी शामिल थे।



# बिहार जाति आधारित गणना 2022 के लिए कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**जलालपुर/ सारण/अखिलेश्वर पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

बिहार जाति आधारित गणना 2022 के लिए पर्यवेक्षकों ,प्रगणको व सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण जलालपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रारंभ हुओकार्यक्रम का का विधिवत उद्घाटन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी अंजू ने शिक्षकों व कर्मियों से बिहार जाति आधारित गणना को सफल बनाने की अपील की उन्होने कहा कि यह राष्ट्र का कार्य है अतः इसे सभी सफल बनावेंप्रशिक्षण के प्रथम दिन कुमना, भटकेसरी, देवरिया , अनवल, नवादा, सम्होता तथा रेवाड़ी पंचायतों में स्थित विद्यालयों के शिक्षकों व विभिन्न कर्मियों ने भाग लियोप्रशिक्षको ने मकान सूचीकरण, नजरी नक्शा बनाने के बारे में विस्तार से समझायो मौके पर मणीन्द्र पांडेय, धर्मेंद्र कुमार पांडेय. मनोज प्रसाद, मनीष कुमार, विवेकानंद यादव,गोपेश पांडेय ,डा राजेश यादव. सुरेश सिंह. शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह,सुरेंद्र राम, मुन्नालाल पंडित. हीतेश सिंह, प्रभातेश पांडेय, शिक्षक नेता सुजीत कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे वही शेष पंचायतो के शिक्षक 3जनवरी को प्रशिक्षण मे भाग लेंगे

# जगदम कॉलेज में नशा उन्मूलन जागरूकता रैली का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर सिटी रिपोर्टर छपरा/सारण/अर्जुन सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

जगदम कॉलेज के तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन नशा उन्मूलन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ के के बैठा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली दहियावां टोला से होते हुए सारण अकैडमी हाई स्कूल, योगानिया कोठी, नगर पालिका चौक, थाना चौक से होते हुए नेहरू चिल्ड्रन पार्क, गोपेश्वर नगर से होते हुए जगदम कॉलेज में वापस आकर समाप्त हुई। इस रैली की अगुवाई डॉ. विश्वामित्र पांडे ने किया। इस रैली में कुल 80 एनसीसी कैडेटों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने नारा लगा जन जागरण करते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाई। जो करेगा नशा उसकी होगी दुर्दशा जन जन की है पुकार, नशा मुक्त हो अपना बिहार, कुछ पल का नशा, सारी उम्र की सजा आदि नारो को बुलंद करते हुए विभिन्न मुहल्लों में जाकर नशा मुक्त अभियान कैडेटों द्वारा चलाया गया। इस जागरूकता रैली में कैडेटों और स्वयंसेवकों के साथ साथ कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी कर्मचारी भी शामिल थे जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. केदार प्रसाद, डॉ. निर्मल पांडे, डॉ. राजश्री सिंह, प्रमोद कुमार, डॉ. अजित शर्मा, रमेश कुमार, डॉ राणा उदय प्रताप सिंह, डॉ दिलीप कुमार, डॉ रविकांत सिंह, मोहम्मद हसीब उर रहमान, श्री संजीत कुमार सिंह आदि शामिल रहे।



# पुलिस ने दो लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

**मकेर/सारण/संजीव शर्मा/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मकेर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव से मकेर पुलिस ने प्लास्टिक की बोतल से दो लीटर देशी शराब बरामद किया । मकेर थाना अध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हसनपुरा गांव में रमेश सिंह पिता स्वर्गीय सकल सिंह द्वारा देशी दारू बेचने की सूचना मिली थी जिसको लेकर सोमवार की सुबह पुलिस गस्ती द्वारा छापेमारी की गई जहा रमेश सिंह के घर के पीछे प्लास्टिक की जरकिन में दो लीटर देशी शराब बरामद किया गया ।शराब बेचने एवम रखने को लेकर मौके पर रमेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि मकेर थाना में देशी शराब पीने से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है जबकि इस मामले को लेकर दो थाना अध्यक्ष राजेश प्रसाद और नीरज कुमार मिश्र निलंबित हो चुके हैं इसलिए पुलिस शराब माफिया और शराब बिक्रेता के विरुद्ध सख्ती से करवाई कर रही है ।



# मशरक मे जातीय आधारित गणना के लिए कार्यशाला का आयोजन

**मशरख/सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक प्रखंड स्थित सभागार मे जातीय आधारित गणना की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चांद कुदरिया, कर्ण कुदरिया, डुमरसन, अरना, बंगरा, कवलपुरा एवं बहरौली पंचायत में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक एवं प्रगणक उपस्थित थे। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, मशरक मो. आशिफ सहित अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो. आशिफ ने कहा कि बिहार जातीय गणना को सफल बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी लोग सजगता के साथ कार्य करें उन्होंने गणना की बारीकियों को विस्तार से समझाया, कहा कि इसकी समयबद्धता एवं अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य को ससमय एवं सफलतापूर्वक निष्पादन करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि गणना के समय यह आवश्यक है कि सभी फील्ड ट्रेनर, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक एक निश्चित परिचय पत्र के साथ क्षेत्र में जाएं ताकि कोई दूसरा व्यक्ति इस प्रक्रिया में शामिल न हो सके और सामान्य जन से परिचय पत्र के आधार पर कर्मियों को कार्य करने में सहयोग प्राप्त हो सके। निर्देश दिया गया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण होते ही क्षेत्र का वे लोग होमवर्क कर ले ताकि किसी भी तरह की गलती की संभावना ना हो। प्रशिक्षण में फील्ड मास्टर ट्रेनर पिंटू रंजन ने बताया कि जातिय गणना का प्रथम चरण- मकान सूचीकरण एवं नंबरीकरण का होगा, जो 7 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा। इसमें गणना क्षेत्र का निर्धारण, गृह संख्या का निर्धारण एवं संक्षिप्त गृह पंजी को तैयार किया जाना है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण में उपयोग में लाए जाने वाले परिपत्रों यथा संक्षिप्त मकान सूची, प्रगणक नक्शा, पर्यवेक्षकीय नक्शा आदि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। इस कार्यशाला में फील्ड ट्रेनर के रूप में रहमत अली मंसूरी, रामाशंकर सहनी, अरुण कुमार पाठक, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद उपाध्याय, अजीत कुमार सिंह, रफीउद्दीन हैदर, चंदन कुमार सिंह, रजनीकांत राम, मुष्टाक अंसारी आदि उपस्थित थे।



# प्रवासी भारतीय दिवस पर भारत सरकार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी-कुमारी अनिषा

**दैनिक शुभ भास्कर सिटी रिपोर्टर छपरा/सारण/अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

17 वीं प्रवासी भारतीय दिवस ( 8 जनवरी 10 जनवरी 2023 ) के अवसर पर भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में युवा प्रवासी भारतीय दिवस संस्थान के द्वारा मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में सारण की राष्ट्रपति से सम्मानित एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी अनिषा बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी । कार्यक्रम का थीम प्रवासी अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार रखा गया है कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुआना के राष्ट्रपति शामिल होंगे उसके साथ ही साथ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूरे भारत से 50 एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन किया गया है, कार्यक्रम में भारतीय युवाओं के साथ-साथ 11 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्य भी शामिल होंगे जिसमें मुख्य रुप से गुआना के राष्ट्रपति और उनके 30 मेंबर सूरीनाम के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री पनामा के विदेश मंत्री परिषद के पांच मंत्री अमेरिका जापान इजराइल कनाडा के काउंसलर जनरल घना ,मलावी के हाई कमिश्नर थाईलैंड सिंगापुर के वाइस काउंसलिंग के आने की उम्मीद है। कार्यक्रम में अनीशा को भारत सरकार के द्वारा आमंत्रित किया गया है अनीशा के चयन पर मुख्य रूप से जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर फारूक अली पूर्व एनएसएस समन्वयक डॉक्टर विद्यावाचस्पति त्रिपाठी वर्तमान एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर डॉ हरीश चंद्र जिला युवा अधिकारी मयंक भदोरिया सहित दर्जनों लोगों ने बधाइयां दी।



# मशरक में महाराजगंज के भाजपा सांसद ने किया आधे पत्रकार को सम्मानित

**मशरक (सारण)/ धर्मेन्द्र सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक में भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मशरक के आधे पत्रकार को किया सम्मानित ।कार्यक्रम के संयोजक जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने आधे पत्रकार को उपहार एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्‌बोधन में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा की पत्रकार देश के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य करते है पत्रकार निर्भीक होकर समाज के कुरीतियों एवम समाज के अच्छे कार्यों को दिखाने का काम करते हैं पत्रकार को जितनी सुविधा मिलनी चाहिए ओ मिल नही पाती है ।मैं संसद में सरकार से आग्रह करूंगा की पत्रकार को हर संभव उचित सुरक्षा एवम मानदेय की व्यवस्था कराई जाय ।इस अवसर पर जिला महामंत्री रामाशंकर मिश्र सांडिल्य ,प्रखंड महामंत्री धीरज सिंह ,मंटू सिंह विनय कुमार सिंह दिवाकर तिवारी उपस्थित रहे



# जहरीली शराब कांड के पीड़ित परिजनों से मिले महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल

**मशरक/सारण/धर्मेन्द्र सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक प्रखंड अंतर्गत बंगरा गांव के पश्चिम टोला में जहरीली शराब कांड के पीड़ित परिजन अखिलेश ठाकुर पिता हरिशंकर ठाकुर के घर महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल अपने समर्थको के साथ पहुँच शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक राशि के साथ कंबल प्रदान किया। सांसद ने कहा कि बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को निर्दयता आचरण को छोड़कर दयालुपन आचरण दिखाते हुए पीड़ित परिवार को मदद के तौर पर मुआवजा राशि प्रदान करना चाहिए। प्रशासनिक एवं सरकार की लचर व्यवस्था के कारण जहरीली शराब के शिकार हुए जिससे कई परिवार का घर उजड़ गया हैं। इस दौरान बंगरा चौहान टोला में अधिवक्ता सरोज सिंह के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया। अधिवक्ता सरोज सिंह के छोटे भाई पंकज सिंह कि अचानक तबीयत खराब होने से दो दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह भाजपा जिला महामंत्री रामा शंकर मिश्र शांडिल्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह,अजित सिंह, मुखिया चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मुखिया काशीनाथ प्रसाद यादव, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे



# क्यूसेक नहर का बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद

भरगामा प्रखंड के मौजहा रघुनाथपुर दक्षिण स्थित बेलसरा नहर के पश्चिम साइड का स्पर कमजोर होने के कारण रात्रि के समय में बांध टूट गया जिसके कारण काफी बड़े भू-भाग में फैले गेहूं और मक्के के फसल का नुकसान हुआ है। वहीं बेलसरा नदी में कुशमौल कैनाल से पानी छोड़ा जाता है जो अभी तक निरंतर नहर में पानी चालू हीं हैं। वही इस बाबत जब जेई को फोन करने की कोशिश की गई तो जेई ने बताया कि कोई पाइप लगाता होगा जिस कारण से टूटा है जबकि यहां पर जब देखा गया तो बांध कमजोर रहने के कारण बांध क्षतिग्रस्त होकर टूट गया जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। बेलसरा नदी की क्षमता 30 क्यूसेक पानी की है जबकि लगातार



इस नदी से 40 से 45 क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है जिस कारण से बांध का स्पर कमजोर रहने के कारण बांध टूट जाता है और किसानों का सैकड़ों एकड़ फसल को बर्बाद कर जाता है। वही बांध के बगल में बन रहे नवनिर्मित विद्यालय पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस बाबत जब नरपतगंज जेई से संपर्क किया गया तो उन्हौने जल्द ही बांध दुरुस्त करवाने की बातें बताया। बांध टूटने की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने नहर के बांध का जायजा लिया तथा कटाव स्थल का विभागीय कर्मियो को मरम्मत व कटाव रोकने को लेकर युद्धस्तर पर काम शुरू करने का निर्देश दिया। वही पीड़ित किसान में रमेश कुमार सिंह, ठाकुर प्रसाद यादव, सुरजीत कुमार यादव, उमेश यादव, उमानंद यादव, चंदेश्वरी यादव, ओमप्रकाश यादव, जीबछ यादव, राजेश यादव, दिनेश यादव, बुधन यादव, श्यामानंद यादव, सुरेंद्र यादव, पप्पू यादव, शशी भूषण यादव ने बताया कि जल्द से जल्द हमलोग मुआवजा की राशि मुहैया कराई जाए।

# फैक्ट्री में काम करने के दौरान सिमरबनी के एक मजदूर की हुई मौत

**भरगामा / अररिया** दो दिन पहले पानीपत मे एक फैक्ट्री मे काम करने के दौरान मजदूर की हुई मौत परिजनों मे पसरा मातम। भरगामा प्रखंड के सिमरबनी पंचायत के नयानगर निवासी लक्ष्मी कुमार का शव रविवार की देर रात्रि उनके पैतृक घर लाया गया। शव के घर पहुचते ही परिजनो मे कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सिमरबनी बाजार स्थित नयानगर के अर्जुन रिषिदेव के 25 वर्षीय पुत्र लक्ष्मी कुमार पानीपत मे मजदूरी का काम करता था। 30 दिसम्वर को एक निजी कारखाना में काम करने के क्रम में दब जाने के कारण तत्काल मौत हो गई। इसके बाद शव को परिजनों के सहयोग से सिमरबनी रविवार की संध्या गांव लाया गया। शव के गांव आते ही नयानगर मे मातम छा गया वहीं परिजन का रो रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया मृतक लक्ष्मी कुमार नयानगर निवासी अर्जुन रिषिदेव का बडा पुत्र था। घर की सभी जवाबदेही इनके कंधो पर थी। बताया दिसम्बर माह के शुरू मे ही कमाने के सिलसिले मे पानीपत गया गया था। इधर सिमरबनी पंचायत के पूर्व मुखिया विजय सिंह यादव ने मौके पर पहुचकर परिजनो को ढाढस बंधाया साथ ही अंचल प्रशासन से मृतक के परिजनो को मुआवजे देने की मांग की। वही सुबोध कुमार सुधाकर, स्थानीय उपमुखिया रविन्द्र मंडल, प्रमोद नारायण यादव, मासूम झा, विनोद मंडल, बालो झा, परमानंद साह, सुरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र साह, सतेन्द्र यादव आदि ने मौके पर पहुचकर पीडित परिवारो को सात्वना दी।

# 24 घंटे का अखंड अष्टयाम संकीर्तन का समापन



**भरगामा /अररिया** भरगामा के आदिरामपुर में अखण्ड अष्टयाम संकीर्तन के 24 घंटे का धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत समापन हो गया। समापन के अवसर पर समस्त ग्रामवासी की आंखें नम हो गई। 50 वर्षों से नववर्ष के शुभ अवसर पर आदिरामपुर के मित्रेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में सभी ग्रामीणों के सहयोग से अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे दुर दराज के भजन कीर्तन मंडली आते हैं।और अपने भक्ति धूनों से सम्पूर्ण माहौल को भक्तिमय बना देते हैं। वही इस भक्ति कार्यक्रम का इंतजार लोग करते रहते हैं जिसका विधिवत संकल्प चंद्रानंद झा चाणक्य के द्वारा किया जाता है। चंद्रानंद झा चाणक्य ने बताया कि ग्राम शांति एवं विश्व शांति के लिए या धार्मिक अनुष्ठान कराया जाता है। आजकल के युवा वर्ग अपने सनातन संस्कृति को भूल कर पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहे हैं इसी सब को ध्यान में रखते हुए अखंड अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है।वहीं समापन पर समस्त ग्रामीण भावुक हो गये। इस मौके राजेंद्र मिश्र, राजेश झा, ललित झा, पंकज मिश्र, नितीश मिश्र, दीपक मिश्र, मिथिलेश झा, रुपेश मिश्र, बसुन्धर झा, मदनेश्वर झा, सच्चिदानंद झा, सागर झा, रिंकू झा, अमरेन्द्र झा, रघुवंश झा, मृत्युंजय झा, धीरज झा, मनीष मिश्र, राजकिशोर झा, दया शंकर झा, चितरंजन झा, शंकर झा सरपंच एवं जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र मौजूद रहे।

# अचानक ठंड बढ़ने से अलाव का सहारा लेते लोग

**भरगामा / अररिया** भरगामा प्रखंड में अचानक ठंड बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। जबकि भारतीय ठंड और कोहरे के कारण यातायात पूर्णतः प्रभावित हो गया है। वहीं व्यापार भी प्रभावित हुआ है। वहीं लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से भरगामा प्रखंड क्षेत्र मे अलाव की व्यवस्था अंचलाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा किया गया। पिछले एक सप्ताह से पछुआ हवा व हाड कपा देने बाली ठंडक जारी है। इसके चलते राहगीरों समेत स्थानीय लोग काफी परेशान हाल दिख रहे थे। भरगामा अंचल प्रशासन बढ़ते ठंड को देखकर अविलंब संज्ञान लिया। ठंड का कहर सबसे ज्यादा झूग्गी



झोपडी में रहने वाले लोगो पर टूटा हैं। ऐसे लोग अपने स्तर से नहरों आदि से लकडी लाकर अलाव का सहारा ले रहे थे। वही सार्वजनिक जगहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं रहने से लोगो की मुश्किलें ओर बढ गयी थी। जबकि पिछले एक सप्ताह से ठंड के चलते लोगो का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। इस संबंध में सिरसिया हनुमानगंज के मुखिया प्रतिनिधी कुलदीप यादव, कुसमौल पंचायत के मुखिया संघ अध्यक्ष भागवत दास, रघुनाथपुर उत्तर के मुखिया प्रतिनिधी लड्डू यादव, समेत अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने अंचल प्रशासन से बढ़ते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर अलाव जलाने की मांग किया था। स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ नेता चन्द्रानंद झा चाणक्य, अशोक सिंह, राजेंद्र मिश्र, मंडल अध्यक्ष दिपक कुमार मुन्ना, जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र, बरगवां जदयू प्रवक्ता संजय मिश्र, सोनी पासवान, बबलु रजक, आशीष सिंह सोलंकी, संजय मेहता, श्रवण सिंह, राजेश झा आदि ने कहा पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में अंचल प्रशासन को ब्लाक कैपस, भरगामा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भरगामा बाजार, महथ

# जानलेवा साबित हो रहा है झंझारपुर जं. का रेलवे अंदर पास



**दैनिक शुभ भास्कर झंझारपुर। मधुबनी**

झंझारपुर जं. रेलवे स्टेशन का कैथीनिय गुमटी अंदर पास यातायात के लिए जानलेवा साबित होता जा रहा है। बतादें कि इस अंदर पास में स्थायी रूप से जलजमाव की समस्या बीते चार पांच साल से जारी है। जिसका स्थाई निदान संभव नहीं हो पाया है। इसके कारण आए दिन इस अंदर पास होकर जाने पर लोगों को जान ओ माल की क्षति का डर बना रहता है। अक्सर बाईक सवार और छोटी वाहन अंदर पास के गढ़ा में पलटी मार देता है। जिसके कारण लोग घायल हो अपना हाथ पांव तुरबा चुके हैं। खतरे के कारण लोग अब इस अंदर पास हो कर गुजरना नहीं चाहते। आज सोमबार सुबह भी एक मालवाहक टेंम्पू इस गड्ढे में पलटी मार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि चालक बाल बाल बच गया। रेलवे और स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी जल जमाव की समस्या समाप्त नहीं हो पा रहा। जिसके कारण अंदर पास हो के गुजरने वाले राहगीरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।




**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज के माननीय विधायक इजहारूल हुसैन, सह पर्यवेक्षक ( अररिया जिला ) भारत जोड़ो यात्रा, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष माननीय डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी के आदेशानुसार आज अररिया कांग्रेस कमिटी गाँधी आश्रम में आगामी 5 जनवरी 2023 से शुरू हो रहे भारत जोड़ो यात्रा बिहार को लेकर महत्वपूर्ण बैठक किए। जिसमें बांका में आयोजित जनसभा एवं पदयात्रा को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया एवं बताया गया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मलिक्कार्जुन खड़गे के द्वारा इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से अक्ळउ के सदस्य माननीय इनतेखाब आलम जी, जिला अध्यक्ष श्री अनिल सिन्हा, प्रखंड अध्यक्षों, सहित सौकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पूर्णिया में अलाव ताप रहे 5 लोगों को कार ने कुचला, मां-बेटी की मौत, 3 गंभीर

**दैनिक शुभ भास्कर पूर्णिया प्रतिनिधि**

पूर्णिया बिहार के पूर्णिया में सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई. घटना जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र के बभन चक्का गांव की है. घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सड़क किनारे ठंड को लेकर अलाव ताप रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने पांच लोगों को कुचल दिया. इस घटना में मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. तीनों को पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद से घर में कोहराम मचा हुआ है. कार चालक को लोगों ने पकड़ाः घटना 8 बजे सुबह की है. ठंड से बचने के लिए सभी लोग अलाद ताप रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुच दिया. घटना के बाद लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया. इसके बाद



पुलिस को को सूचना दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है. इधर अहले सुबह दर्दनाक घटना से गांव में मातम पसर गया है. परिजन प्रशासन से कार्रवाई के साथ मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं. मृतिका की पहचान फूल देवी एवं सावित्री के रूप में हुई है. सभी लोग सुबह में अलाव ताप रहे थे. एक ही परिवार के 5 लोगों को सुमो गाड़ी ने रौंद दिया. मरने वाली में मां-बेटी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गाड़ी व चालक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया."-मृतका का भाई एक दिन पूर्व भी हुआ हादसाःबता दें कि पूर्णिया में लगातार सड़क हादसा हो रहा है. आए दिन हादसे में लोगों की जान जा रही है. रविवार को भी स्कॉर्पियो और कार में टक्कर हो गई थी. जिसमें एक की मौत हो गई थी. इस टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए थे. दरअसल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिलोरी पुल के पास तेज रफ्तार की स्कॉर्पियो और कार की आमने-सामने टक्कर में कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी. वहीं, कार पर सवार दूसरा व्यक्ति जख्मी हो गया था.घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया था.

# डॉ अरुण, व्याख्याता सतीश, व्यवसायी महेंद्र, जगदीश, राकेश व बाबूलाल बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**दैनिक शुभ भास्कर लक्ष्मणगढ़/**

लक्ष्मणगढ़ 2 जनवरी कस्बे में प्रस्तावित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद एक चिकित्सा अधिकारी एक व्याख्याता व चार व्यापारी चुनें गये है। यह जानकारी देते हुए संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण राकसिया, व्याख्याता सतीश राकसिया, व्यवसायी महेंद्र कुमार टांक, जगदीश प्रसाद भभैवा, राकेश बबेरवाल व बाबूलाल राकसिया छात्रावास समिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गौड ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी गांव बस स्टैंड के पास



सड़क से एक किलोमीटर अंदर अपनी बेशकीमती जमीन मे से लाखों रुपए की भूमि छात्रावास निर्माण के लिए निःशुल्क प्रदान की है। उक्त भूमि पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण के लिए समाजसेवी सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया निर्माण समिति के अध्यक्ष चुने गए हैं।

# ठंड का कमाल मंदिर में कल खचाखच भीड़ आज वीरानगी सांस्कृतिक विरासत से दूर

**दैनिक शुभ भास्कर सारण, अर्जुन सिंह/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

2023 अंग्रेजी साल के पहले दिन मंदिरों के सीढ़ियों की भीड़ ने होली और हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को पीछे छोड़ दिया। इस भीड़ में पढ़े लिखे अनपढ़ छात्र शिक्षक कामगार पत्रकार वकील जज नेता अभिनेता सब उल्लास में वर्ष 2023 की मंगल कामना को लेकर भगवान के मंदिरों में ठंड को ठेंगा दिखा भगवान के शरण में दिखाई पड़े। आस्था भगवान के पूजन का व उल्लास वर्ष 2023 के शुभारंभ का रहा।जो भी हो हिन्दुस्तान के कोटि-कोटि देवी देवताओं के प्रति लोगों का आस्था का जन सैलाब का दर्शन बहुत ही अच्छा लगा।लेकिन आज सोमवार जो भगवान शिव का दिन है।आज बाबा धर्मनाथ धनी, या बाबा ढ़ोढ़नाथ के प्रांगण में स्थापित माँ की प्रतिमाएं आपने भक्तों के दर्शन के लिए तरसते दिखाई पड़े। ठंड ने आज अपना कमाल दिखाया भीड़ कहीं नहीं। यहाँ जाप करते चार पांच पंडित एवं उपासना में दो चार भक्त ही पहुंच सके। ठंड ने लोगों को मंदिर आने से अवश्य रोक दिया। आज सर्वत्र वीरानगी ही रहा। कल "कडाके की ठंढ पर भारी पड़ा नया साल मनाने का उत्साह वहीं आज भक्तों पर टूटा ठंड का प्रभाव सच्चाई है। दूसरी ओर रही बात वर्ष 2023 के प्रथम दिन का उत्साह नदारद रहा। बहरहाल डॉ. रवि शर्मा छपरा निवासी का कहना है कि ऐसा हीं उत्साह अपने नववर्ष विक्रम संवत पर दिखाने का भी होना चाहिए।विक्रम संवत के दिन भी हमें गौरवान्वित उत्साहित होने की जरूरत है। पूर्वजों ने चैत्र प्रतिपदा को हीं अपना नया वर्ष माना हैं।हमारे पूर्वज उपासना एवं आराधना से ही अपने नये वर्ष की शुरूआत करते थे। खेतों में फसलों की पकने की सोन्ही के सुगंध के बीच पेड़ों पर कोमल पत्तियों नये नये फूलों आम की मंजरियों महुआ की मादकता कोयल की कूक भौरें के गुंजार पपीहे की पीव तीसी सरसों और सेमल के फूल की मोहकता हल्की गुलाबी ठंढी जब हमारे रोम रोम में नई ऊर्जा नया जोश नई चेतना का संचार कर रहे होते हैं।तब हमरा यह उत्साह हमारा यौवन इतना सुस्त इतना ठंढा पड़ जाता है हम भूलते जा रहे हैं अपने नव वर्ष के आस्था विश्वास उल्लास पूजा पाठ के संदेश को एक हजार वर्षों की लम्बी गुलामी ने हमारे खून में ऐसा ही रंग भर दिया है जो हम अपने मायार्दा को भूलते जा रहे हैं। गौरतलब यह है कि आजादी के बाद भारत की सत्ता पर जो लोग रहे वे अंग्रेजों और अंग्रेजीयता से काफी नजदीक रहे अथवा अंग्रेजी वातावरण में ही उनका लालन पालन हुआ। देश के नीति निर्देशक वही नीतियां बनाई जो हमारे गुलाम भारत की पहचान रही हैं। भरतीयता की हानि आजाद के शासकों की नीतियों ने पहुंचाई हैं। छोटे से बड़े कार्यालयों से न्यायालयों तक के कार्य कार्यप्रणाली अंग्रेजी एवं अंग्रेजीयता के गुलाम ही हैं।

# छपरा में मंदिर से अष्टधातू की मूर्ति की चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर मकेर /सारण/संजीव शर्मा/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मकेर थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के वार्ड नं 10 हरि ब्रह्मस्थान परिसर में स्थापित हनुमान जी के अष्टधातू के हनुमान मंदिर से मूर्ति की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है।ग्रामीणों के अनुसार मूर्ति करीब चार लाख रुपये में खरीदी गई थी।मूर्ति चोरी की घटना की जानकारी सुबह में हुई जब मंदिर की पुजारी द्वारा साफ सफाई करने के लिए पहुचे।

मंदिर पहुँच कर भीतर गए तो देखा मूर्ति गायब है।मंदिर का ताला टूटा हुआ है और समान बिखरा पड़ा है।पुजारी महेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी ग्रामीणो को दिया ततपश्चात मंदिर के संस्थापक भरत सिंह अवधेश सिंह धर्मेंद्र सिंह ने इसकी सूचना मकेर थाना को दिया।घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राजेश रंजन पुलिस बल के साथ पहुच कर लोगो से जानकारी प्राप्त किया, पंचायत के मुखिया नीलम देवी के पति बराई राय और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मूर्ति शीघ्र बरामदी की मांग किया मालूम हो कि ठंढ बढ़ने के साथ ही चोरी की घटनाएं बढ़ गई है, दो दिन पहले जगदीशपुर जनता बाजार से चोरो ने कपड़ा दुकान में चोरी कर लिया था।चोरी की घटना बढ़ने से चोरो की मनशुबा बढ़ गयी है।पुलिस की गिरफ्त में नही आने के वजह से चोरी की घटना बढ़ गयी है।

ग्रामीण लीला राय मनोज मिश्रा राम अयोध्या सिंह का कहना है कि पुलिस दारू शराब बिक्रेताओं की धर पकड़ करने के वजह से पुलिस इन सब घटनाओं पर धयान नही देती हैं।

# अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल का नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर 3 जनवरी को विशुनपुरा में

**दैनिक शुभ भास्कर जलालपुरे सारण/ अखिलेश्वर पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखंड के विशुनपुरा स्थित शिवप्रसाद हरदेव चंद्रदेव स्मृति सेवा न्यास परिसर में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक द्वारा 3 जनवरी को नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है इस जांच शिविर में मस्तीचक्क की पूरी चिकित्सीय टीम भाग ले रही है इस आशय की जानकारी देते हुए संयोजक मणीन्द्र पांडेय ने बताया कि मंगलवार को 10:00 से 3:00 बजे तक नेत्र रोग से पीड़ित व्यक्ति निशुल्क जांच करा चिकित्सीय लाभ ले सकते हैं

# जाति आधारित जनगणना को लेकर प्रथम चरण का कार्य 7 जनवरी 2023 से होगा शुरूः-डीएम

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज जिला पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी जाति आधारित गणना -सह-प्रधान गणना पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में किया। कहा है कि बिहार जाति आधारित गणना 2022 का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी स्टेकहोल्डर्स (हितधारक) सजग, तत्पर एवं सतर्क रहकर इस कार्य का संचालन करें। विदित हो कि 7 प्रखंड और 4 नगर निकाय के चार्ज अफसर के स्तर से होने वाले जाति आधारित गणना के निमित ब्लॉकवार नियुक्त प्रगणक, पर्यवेक्षक को सभी प्रशिक्षण कराए जा चुके है। डीएम ने निर्देश दिया है कि सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक मंगलवार को अपने निर्धारित क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और भौतिक सत्याओं करना सुनिश्चित करेंगे।अपने प्रगणक ब्लॉक में मकान को चिन्हित कर सूचीकरण और नंबरीकरण की पूर्व तैयारी करते हुए नजरी नक्शा तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड नगर निकाय के नियुक्त प्रगणक, पर्यवेक्षक क्षेत्र में रहेंगे, इसका अनुश्रवण सभी प्रखंड/नगर निकाय के वरीय प्रभारी पदाधिकारी को करने हेतु अपने अपने आवंटित प्रखंड/नगर निकाय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसने शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई हेतु अपर जिला गणना पदाधिकारी - सह - अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार को निर्देशित किया गया है। गौरतलब हो कि लगभग 700 आबादी का कार्य एक प्रगणक को सौंपा गया है। प्रत्येक पंचायत या नगर पालिका या नगर निकाय में यदि किसी वार्ड की आबादी 700 से कम होगी तो वहाँ एक प्रगणक और 700 से अधिक होने पर क्रमशः उप गणना ब्लॉक बनाते हुए प्रगणकों की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक छः(6) प्रगणकों के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। डीएम ने कहा कि संक्षिप्त मकान सूची से संबंधित प्रपत्र में मकान सूचीकरण एवं नंबरीकरण के समय परिवारों की मकान सूचना संकलित की जानी है। इस सूचना के आधार पर मकान गणना के कार्य में घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जायेगा ताकि कोई परिवार या घर गणना के कार्य में नहीं छूटे। अतएव मंगलवार को भौतिक सत्यापन कर लें।यदि कोई समस्या हो को रिफ्रेशर प्रशिक्षण 4 और 5 जनवरी को आयोजित किया जाय। मौके पर अपर जिला गणना पदाधिकारी - सह - अपर समाहर्त्ता, अनुज कुमार ने कहा कि बिहार जाति आधारित गणना, 2022 निम्न दो चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण- मकान सूचीकरण- गणना क्षेत्र का निर्धारण ( कार्य पूर्ण हो चुका है ) मकान नम्बरीकरण संक्षिप्त गृह पंजी को तैयार किया जाना द्वितीय चरण- वास्तविक गणना कार्य। उन्होंने ने कहा है की चार्ज स्तर पर कोषांगों को सक्रिय रखना है। पंचायत/शहरी निकायों के वार्डों को गणना हेतु प्रारंभिक इकाई (गणना ब्लॉक) माना गया है अर्थात वार्ड को गणना ब्लॉक के रूप में घोषित किया गया है। अगर किसी वार्ड की जनसंख्या 700 से अधिक है तो वैसी स्थिति में उपगणना ब्लॉक का निर्माण किया गया है।जनसंख्या में वार्षिक या दशकीय वृद्धि दर के आधार पर वर्तमान जनसंख्या का आकलन कर गणना ब्लॉक का गठन किया गया है।किशनगंज जिला अंतर्गत कुल 11 चार्ज (07 प्रखण्ड, 01 नगर परिषद तथा 03 नगर पंचायत ) में 1830 वार्ड है। कुल 11 चार्ज पदाधिकारी हैं। जिला-स्तरीय मास्टर ट्रेनर हैं। सभी चार्ज, फिल्ड ट्रेनर की नियुक्ति की संख्या 85 है। शहरी एवं ग्रामीण चार्जों को मिलाकर गणना खण्डों/गणना उप खण्डों की कुल संख्या 3952 है।

# नए साल का जश्न युवाओं ने जमकर लिया

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।**

जिले के बिरपूर अनुमंडल में शनिवार की देर रात साल 2022की बिदाई रात के 12 बजे जैसे ही हुई।पटाखों से युवाओं ने नए साल 23 का जोरदार स्वागत शुरू कर दिया। नए साल के आगमन को लेकर शहर हो कि गांव हर जगह युवा उत्साहित दिखे। कोसी बराज पर पिकनिक को लेकर लोग तरह-तरह के व्यन्जन बना कर डीजे पर डांस करके मनोरंजन करते नजर आए। हालांकि बिहार में शराबबंदी को लेकर बरती गई सख्ती से सीमा पार वे अपनी मन की नही कर सके।नेपाल से आने जाने वालों पर प्रशासन की सख्त नजर रही।वही उत्पाद की टीम बॉर्डर पर मैजुद थी।लेकिन भीड़ की संख्या हजारों में होने के कारण सभी को चेक नही कर पा रही थी। बड़ी संख्या में युवा नेपाल के पर्यटन स्थल वेलेटार एव अन्य स्थलों के लिए भी



जश्न मनाने गए।भीमनगर सहरसा चौक बस स्टैंड पर युवाओं की चहकदमी देखने लायक थी।युवा सेल्फी लेते एव अपने मित्रों के साथ घूम धड़ाका करते दिखाई दिए। बुजुर्ग महिलाओं ने नए साल के अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना को प्राथमिकता दी। शिवालयों एव देवी मंदिरों में महिलाओं ने बड़ी संख्या मे पूजा अर्चना की। स्वादिस्ट व्यंजनों का लिया मजा। कोसी बराज एव कोसी नदी के किनारे पिकनिक मनाने वालो युवाओं ने स्वादिस्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया।कोसी बराज पर मांसाहारी होटलों में युवा स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लेते दिखे तो कोसी नदी के कछार पर स्व्यंग द्वारा निर्मित स्वादिष्ट व्यंजन का मजा लेते दिखाई दिए। ठंढ नही बन सकी बाधा। शनिवार का दिन काफी ठंढ भरा रहा।पर इससे नए साल के जश्न मनाने वालो पर कोई बाधा नहीं पड़ा।युवाओं के उत्साह के आगे ठंढ की एक न चली। सड़को पर दिखी बाइक एव कार की भीड़। नए साल के जश्न मनाने के लिए निकले बाइक सवार एव कार सवार की भारी भीड़ सड़को पर दिखी।युवाओं की बड़ी संख्या पिकनिक स्पॉट के लिए निकल पड़ी। कोसी बराज पर नए साल का जश्न मनाने पहुंचे युवाओं ने कोसी नदी में नोका विहार का भरपूर आनंद उठाया।जनवरी माह में कोसी नदी का जलस्तर काफी कम हो जाता है।नदी की धारा शांत हो जाती है।इस मौषम में नोका विहार मजेदार मानी जाती है।बड़ी संख्या में युवक एव युवतियां एव पारिवारिक सदस्यों के साथ महिलाओं को नोका विहार का आनंद लेते देखा गया।कोसी बराज पर नदी कां अनुपम सौंदर्ज , प्रकृति की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है।बिगत दो सालों से यहां नए साल पर जश्न मनाने का सिलसिला रुक सा गया था।इस साल मिले जश्न के मौके का युवा भरपूर आनंद लेते दिखे। कोसी बराज पर अमूनन भारतीय प्रभाग के अररिया, सुपौल , सहरसा एव मधेपुरा जिले एव नेपाल प्रभाग के सुनसरी, सप्तरी, उदयपुर जिले के लोग बड़ी संख्या में जश्न मनाने पहुचते है।इस स्थल को दोनो देश के युवाओं के मिलन स्थल के रूप में भी पहचान मिली हुई है। कोसी बराज से कस्टम तक लगा रहा जाम। नए साल का जश्न कोसी बराज मनाने पहुचे लोगो के वाहनों का काफिला कोसी बराज से लेकर भीमनगर कस्टम तक लग जाने के कारण जाम की स्थिति बन गयी।जिससे पैदल भी कोसी बराज तक पहुच पाना कठिन हो गया।वाहनों का कोसी बराज पर सुबह सेही पहुचना शुरू हो गया।दिन के 10 बजते बजते वाहनों की 2 किलोमीटर लंबी कतार लग गयी।प्रशाशनिक अधिकारी को भी इस जाम से निपटने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी।खासकर युवाओ की बड़ी संख्या कोसी बराज पर सुबह से ही आनी शुरू हो गई।दो पहिया वाहन तो किसी प्रकार निकल पा रहे थे पर चार पहिया वाहनों के लिए इस जाम से निकल पाना कठिन हो गया। जाम का सिलसिला कस्टम तक ही नही रहा।समय बीतने के साथ साथ बढ़ता गया और सहरसा चौक तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वही भीमनगर ओपी प्रभारी अपने दल बल के साथ आवागमन को सामान्य करते रहे।वही नेपाल में एपीएफ,नेपाल पुलिस,आदि सड़क पर मसक्कत करते दिखे।

## मकरेय गांव में प्रगतिवाद बाल विकास योजना के तहत समाजसेवी मनोरमा देवी के द्वारा 100 गरीब लोगों को कंबल किया वितरण

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पीपरा,सुपौल**

जिले के पीपरा प्रखंड में एकाएक बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे गरीब असहायों लोगों के बीच प्रगतिवाद बाल विकास योजना के तहत समाजसेवी मनोरमा देवी के द्वारा मकरेय गांव के 100 गरिब बुजुर्ग के बीच कंबल वितरण किया।कंबल वितरण के दौरान प्रगतिवाद बाल विकास योजना के बिहार प्रमोटर पारस विश्वास ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा । तबसे मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच गर्म कपड़े व



कंबल का वितरण कर रहा हू । वहीं समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। महादलित टोलों में जाकर भी कंबल वितरण किया जाएगा। प्रशासन द्वारा अभी तक कंबल वितरण नहीं करना व ना ही अलाव की व्यवस्था को देखते हुए इस तरह आयोजन शुरू किया। जो लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है। मौके पर पुर्व मुखिया उद्यानन्द विश्वास, अशोक चौधरी, रामनंदन यादव, रूपेश झा, विपिन चौधरी, रंजीत कामत, रोहित चौधरी, शियामसुंदर कामत, शिव शंकर कामत, अभिनंदन कामत, अजय विश्वास आदि मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि अविनाश कन्नौजिया अंशु ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अनिमियता बरतने का आरोप लगाया

फारबिसगंज : फारबिसगंज विधायक प्रतिनिधि अविनाश कन्नौजिया अंशु ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नगर परिषद क्षेत्र संख्या 09 में भारी अनिमियता बरतने का आरोप लगाया है ।उन्होंने कहा कि आवास सहायक और वर्तमान वार्ड पार्षद की मिलीभगत से वैसे लोगों को भी आवास योजना का लाभ पहुंचाया गया है जिनके घर में सरकारी नौकरी,मोटर चालित वाहन, दुपहिया, तिपहिया और कृषि उपकरण है। संपत्ति कर का भुगतान करता है,घर में रेफ्रिजरेटर या लैंडलाइन फोन कनेक्शन है।साथ ही वैसे लोगो को भी आवास का लाभ मिला है जिनका वार्षिक आय 18 लाख से ऊपर भी है ।बहुत सारे ऐसे



लोग भी है जिनका पहले से पक्का का मकान है ।ऐसे लोगो को भी लाभ दिया गया है जिनका मकान अर्धनिर्मित था ।उन्होंने कहा कि वार्ड में कई लोग गलत तरीके से पीएम आवास योजना का लाभ लेकर फायदा उठा रहे हैं और इससे गरीब लोगों को मिलने वाला मकान उनको मिल रहा है। इससे पीएम आवास योजना का मुख्य उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।पीएम आवास योजना चलाने का सरकार का मुख्य उद्देश्य देश के गरीब व जरूरतमंद लोगों को रहने के लिए अपना घर उपलब्ध कराना है। इस योजना की खास बात ये हैं कि इस योजना के तहत मकान खरीदने के लिए सरकार से सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाता है। ऐसे में जो सहायता सरकार की ओर से गरीब लोगों को मिलनी चाहिए थी, उसका फायदा सक्षम यानि अमीर लोग भी लाभ उठा रहे हैं। इसी बात को देखते हुए इसकी शिकायत पूरे साक्ष्य के साथ जिला पदाधिकारी से मिलकर करेंगे ताकि वास्तविक पात्र व्यक्ति को पीएम योजना के तहत मकान मिल सके जिससे उसके अपना घर का सपना साकार हो सके। साथ ही दोषियों पर सख्त कारवाई करनी की भी मांग करेंगे ।

## पुल निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल।**

जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर पंचायत के साहेवान में आरडब्लूडी के द्वारा सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमे पूर्वी कोसी तटबंध के समीप सड़क में पुल निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमे काफी अनियमितता देखी जा रही है। साथ ही निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है। जबकि कार्य स्थल पर जेई भी मौजूद नही थे। वही कार्य के प्राकलन से सम्बंधित शिलापट्ट तक भी नही लगाया गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीण अर्जुन दास, सत्यनारायण दास, रामसुंदर दास, विजय दास, चंदन राम, जगरनाथ कुमार आदि ने बताया कि पुल निर्माण





के घटिया सामग्रियों का प्रयोग किया जा रहा है। वही रॉड असंतोषजनक लगाया जा रहा है। साथ ही स्टीमेट भी ठेकेदार के द्वारा नही दिखाया जा रहा है। बताया कि छ महीने से सड़क निर्माण की कार्य रुक गयी थी। साथ ही सड़क निर्माण के समय दिए गए गिट्टी उड़ रही है। गिट्टी के उड़ने से आये दिन बच्चे एवं लोग घायल हो रहे है। कई बार वाहन दुर्घटना में लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया कि सड़क निर्माण कार्य का शिलापट्ट भी नही लगया गया। स्टीमेट दिखाने को कई बार संवेदक को कहा गया लेकिन स्टीमेट दिखाने से कतराते रहे। संबंधित जेई व संवेदक सूद लेने भी नही आ रहे है। इस बावत पूछे जाने पर जेई ने बताया कि कार्य मे कोई कमी नही है। ठेकेदार के द्वारा सही तरीके से कार्य किया जा रहा है।

## राजपुर वॉर्ड 5 में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल



**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल**

जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के राजपुर वॉर्ड 5 की है जहां शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को पिपरा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की देर शाम राजपुर वॉर्ड 5 निवासी विद्यानंद मुखिया जो शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे जिसकी गुप्त सूचना पिपरा पुलिस को मिली मौके पर पुलिस पहुंच कर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया वहीं युवक में शराब पीने की पुष्टि हुई है और करवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## ससुराल में युवक की मौत, सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**अमरेश कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,पिपरा, सुपौल**

जिले में पीपरा प्रखंड के ससुराल में 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। जिसके बाद पिपरा पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज घटना की जांच शुरू कर दी है। मामला पिपरा थाना क्षेत्र के दुबियाही पंचायत अंतर्गत भैयाराम चकला का है। जहां वॉर्ड 14 में यह घटना घटी है। जानकारी मिली है कि ससुराल में सड़क किनारे 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत युवक राजू कुमार सिंघेस्वर थाना क्षेत्र के तरेया वॉर्ड 6 का निवासी था। जो बीते 12 दिसंबर को अपने ससुराल पिपरा थाना क्षेत्र के भैयाराम चकला आया था। राजू सरदार अपने ससुराल उदय



सरदार के यहां ठहरे हुए थे। इस बीच देर रात राजू की मौत हो गई। राजू की मौत कैसे और क्यों हुई इस बात की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।घटना की सूचना जैसे ही मृतक के घरवालों को मिली वो लोग स्थल पर पहुंच गए। और इसकी इत्तला पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच में जुट गई है।

## चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**नरेश कुमार मंडल दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

सिमराहा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में थानाध्यक्ष कुमार विकास के नेतृत्व में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का बहिष्कार करने और शराबबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए जन प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों ने नये साल के आगमन पर नशा मुक्ति अभियान चलाया । इस अभियान में सैकडों लोग बाईक, टेंपू, साईकिल आदि पर लाऊड स्पीकर लगाकर नशा विरोधी गाने बजाते हुए चल रहे थे । जिसमें सैकडों महिलाएं व पुरुष पैदल चल रहे थे । औराही पूरब के पासवान टोला से निकली जुलूस की शक्ल में अभियान में शामिल लोग नशा विरोधी नारों से सजे बैनर - पोस्टर हाथों में लिए नारे लगाते हुए पंक्ति बद्ध चल रहे थे ।ईदगाह टोल, मदरसा टोल, हल्दिया, थरिया बकिया के अलावे संथाली टोला, महादलित बस्ती आदि होकर इस नशा मुक्ति अभियान में शामिल लोग एनएच 57 स्थित लाईन चौक बरदाहा आदि में जाकर एवं जगह जगह रुक कर लोगों को नशा से होने वाली नुकसान के बारे में बताया । इस अभियान का नेतृत्व कर रहे सिमराहा थानाध्यक्ष कुमार विकास ने नशीली पदार्थों और शराब का प्रतिकार करने के लिए लोगों से संकल्प लिया । थानाध्यक्ष ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान से समाज में सकारात्मक बदलाव हो रहा है । शराब बंदी से महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा में भी कमी हुई है । उन्होंने लोगों से कहा कि नशीली चीजों का खरीद और विक्री बंद कीजिए । सभी लोग अपने अपने कार्य क्षेत्र में मेहनत करें । लेकिन नशीली पदार्थों एवं शराब का प्रतिकार करें । वहीं बोकड़ा पंचायत के सरपंच मास्टर मो. याहया खान, औराही पश्चिम के मुखिया प्रतिनिधि आफताब आलम ऊर्फ डॉ. चून्ना, मुखिया रिजवान आलम, मुखिया छविलाल राम, डोरिया सोनापुर के मुखिया मो. मोइनुद्दीन, पंसस अलामकतूर, पूर्व पंसस पति मो. जाफर, पूर्व मुखिया मुशताक आलम, सरपंच तनवीर आजाद आदि ने लोगों से स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग करने हेतु शराब का तिरस्कार करने के लिए लोगों को संकल्प दिलवाया ।

## सारवां से बच्चे का हुआ था अपहरण , अपराधियो ने की थी फिरौती की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर देवघर संवादाता**

देवघर नये साल के पहले दिन देवघर जिला के सारवां थाना क्षेत्र के हाईस्कुल मैदान मे खेल रहे एक सात वर्षीय बच्चे को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ता द्वारा बच्चे के पिता से बच्चे को छोड़ने के एवज मे पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। अपहृत बच्चे के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर सारवां थाना कांड संख्या 01/2023 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा बिहार के जमुई जिले से बच्चे को बारह घंटे से भी कम समय में बरामद कर कांड में संलिप्त अपहरणकर्ता बिहार के झाझा के रहने वाले विक्की साह को गिफ्तार किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए देवघर एसपी सुभाष चंद्र जाट ने बताया कि पकड़ा गया।

## कर्बला गांव में बिजली तार की चपेट में आने से दो घर जलकर हुआ राख



**रिपोर्टर हयात दानिश**

जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चिरह पंचायत के कर्बला गांव वार्ड संख्या 07 में आज सोमवार को दो घर जलकर राख हो गया है वही लोगों ने बताया कि दोनों घरों से लगभग लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है जिसमें चावल गेहूं आंटा पलंग कुर्सी अल्ना टेबुल सर्दी का कपड़ा सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गया है वह घर जाने वाले का नाम मोहम्मद अखलाक पिता मोहम्मद इब्राहिम तथा मोहम्मद स्माइल पिता मोहम्मद इब्राहिम के घर में आग लगा है यह आग आज सुबह करीब 6:00 बजे बिजली की तार से लगा था और यह आग कैसे लगा है इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है

## मोहम्मद मुस्ताक को मिला फिर से धमकी

**मोहम्मद परवेज आलम रिपोर्टर दैनिक शुभ भास्कर**

अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत जगता पंचायत वार्ड नंबर 10 में कुछ दिन पहले हुआ था बम और गोली मामला जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लड़ाई जिसमें मोहम्मद मुस्ताक ने बताया कि हमारा 3 आदमी को गोली मारकर घायल कर दिया जिसमें प्रशासन खुद अपना गाड़ी से इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया ले गए वहां से उसे रेफर कर पूर्णिया भेजा गया जिसमें कि हमारा एक मामू मोहम्मद था उनका सीना में गोली आर पार कर दिया गया वही सभी अपराधी पर एफ आई आर दर्ज भी हुआ था जिसमें रानीगंज थाना अध्यक्ष कौशल कुमार का कहना है कि मैं अभी तुरंत जाकर सभी को गिरफ्तार करता हूं पर अभी तक अपराधी घूम रहे हैं और हम लोगों को धमकी दे रहे हैं अभी तक प्रशासन हाथ में हाथ धरे चुप बैठे हुए हैं जिसमें की हमने आईजी दिया जी एवं बिहार डीजीपी को भी लेटर दे



चुके हैं अभी तक हमें नया नहीं मिला है अपराधी द्वारा हमें दिल्ली फिर धमकी दिया जा रहा है रास्ता पैरा में घेर कर हमें हमारे बच्चों को धमकी दिया जा रहा है रानीगंज थाना अध्यक्ष कौशल कुमार अभी तक किसी का हथियार बरामद नहीं किए हैं जब उनसे पूछते हैं तो वह बताता है कि सिर्फ खोखा बरामद हुआ था हम बहुत परेशान हो चुके हैं क्योंकि पार्टी बहुत दबंग है हमें उनके द्वारा परेशान किया जा रहा है मोहम्मद मुस्ताक ने यह भी बताया कि जो जो धमकी दे रहे हैं अपराधी हैं वह अभी दल्ले के साथ घूम रहे हैं और हमें धमकी पर धमकी दे रहे हैं अपराधी का नाम 1 अजमत पिता अकबर 2 नईम पिता नूर मोहम्मद 3 नसीम 4 मौसीम5 मुतुर्जा पिता अमीन, 6 हाशीम पिता जलालुद्दीन7 अबुल पिता मौला 8अमीन 9 शमीम10 सद्दाम 11 समसूल 12 इमरान 13 कमाल 14 नूरुल 15 अजमल इन्हीं लोगों के द्वारा हमें परेशान किया जा रहा है धमकी मिल रहा है पर लेकिन था ना अभी तक एक्शन में नहीं आए हैं जब रानीगंज थाना अध्यक्ष कौशल कुमार को फोन करते हैं तो वह भी भरोसा दे देते हैं पर अभी तक हंसामी गिरफ्तार नहीं हो रहा है हमें धमकी भी मिल रहे हैं पर लेकिन नयाय अभी तक हमें नहीं मिला है हम थाना प्रशासन और जिला प्रशासन से न्याय का गुहार लगाते हैं कि हमें नयाय जल्द से जल्द मिले और जितने हंसा मी का नाम ए.१. में है उसे गिरफ्तार किया जाए मैं जय और मेरा फैमिली को बराबर परेशान और टॉर्चर किया जा रहा है

## बाइक के टक्कर में एक व्यक्ति मौत दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**

दिनांक 2 जनवरी 2023 को बाइक के टक्कर में एक व्यक्ति का मृत्यु हो गया दूसरा व्यक्ति गंभीर अवस्था में पूर्णिया सदर हॉस्पिटल में भर्ती है बताया जा रहा है 1 जनवरी को अपने घर से घूमने निकला था कुसियरगांव पार्क इसी बीच आमने-सामने दो बाइक की टक्कर में दोनों बाइक सवार रोड के किनारे गंभीर अवस्था में गिरा हुआ मिला रोड के किनारे वाले किसी अनजान व्यक्ति का नजर पढ़ा तो उठाकर उसे इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल लाया यहां फर्स्ट ऐड होने के बाद डॉक्टर गंभीर स्थिति को देखते हुए नीतीश को पूर्णिया रेफर कर दिया जहां एक व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड़ दिया इसका नाम नीतीश कुमार बताया जा रहा है घर टेडी मुसहरी पंचायत मुसहरी वार्ड नंबर 3: का बताया जा रहा है यह घटना गई यारी और कुसियरगांव के बीच का बताया जा रहा है

## जोगबनी थाना को मिला लावारिस अवस्था में लास



**मासूम रजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**

दिनांक 2/1/2023को जोगबनी थाना के चौकीदार ने एक लावारिस मृत व्यक्ति का लास सदर हॉस्पिटल अररिया लाया जिसका कोई अता पता नहीं है यह लास किसी खेत में पड़ा हुआ मिला था जिससे पुलिस को सूचना मिली तो उन्होंने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल अररिया लाया

## मुख्यमंत्री वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच लगातार कंबल का वितरण किया गया



**मासूम राजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर**

दिनांक- 02.01.2023 सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अररिया द्वारा मुख्यमंत्री वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जरुरतमंदों के बीच लगातार कम्बल का वितरण किया गया। इसी क्रम में आज अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया श्री शैलेश चंद्र दिवाकर द्वारा हरियाबारा, टोल प्लाजा के निकट जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी, अररिया भी उपस्थित थे। वहीं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को संयुक्त रूप से अपने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जरूरतमंदों लाभुकों के बीच वितरण हेतु कुल 80 अदद कंबल उपलब्ध कराया गया है।

# पदाधिकारी एवं कर्मचारी के आपसी तालमेल से जिला का विकास में तेजी होगी:-उपायुक्त




**साहिबगंज:-** जिला निबंधन कार्यालय के प्रांगण में रविवार को नव वर्ष के अवसर पर पदाधिकारी-कर्मचारी मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डीसी रामनिवास यदव,डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार,डीपीआरओ ओंकारनाथ व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान अतिथियों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जिले के विकास में पदाधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों की भी अहम भूमिका है।कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर जिले को विकास पथ पर आगे बढ़ाया है। पदाधिकारियों व कर्मचारियों का समन्वय बहुत जरूरी है।तभी जिले का समेकित विकास संभव है।नए वर्ष में आशा करते हैं कि सभी का सहयोग पहले से प्रगाढ़ होगा।और सब मिलकर जिला को अग्रणी बनाएंगे।इस अवसर पर पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामना दी।वहीं सेवानिवृत्त कर्मी नागेश्वर मंडल को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी संघ अध्यक्ष भरत यादव,विष्णुदेव मंडल,राजीव पांडेय,आंगनबाड़ी सेविका अध्यक्ष शबाना आजमी सहित अन्य मौजूद थे।

# सीओ ने कराया चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था



मंडरो। साहिबगंज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बढ़ते ठंड को देखते हुए मंडरो प्रशासन के द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करा रही है। नूतन वर्ष का आगमन होते ही अचानक ठंड में वृद्धि हुई है। इस वजह से लोगों के आम जनजीवन पर इसका असर देखा जा सकता है। शाम होते ही ठंड बढ़ जाने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अंचल अधिकारी नरेश कुमार मुंडा ने बताया कि इस दौरान चौक-चौराहा सहित अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर प्रशासन के द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। ताकि बेसहारे गरीब एवं सड़क से गुजरने वाले हम लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# विधायक पहुंचे दुर्घटना स्थल,लिया हालात क्या जायजा,अधिकारियों से वार्ता कर कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश




साहिबगंज बीते शुक्रवार को साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल निर्माण करा रही डिवीएल कंपनी की जहाज दुर्घटना हो गयी थी। जहाज में लदे ट्रक भी गंगा में समा गयी।उक्त दुर्घटना में गोविंदपुर धनबाद के रहने वाले ट्रक के ड्राइवर ट्रक के साथ गंगा में डूब गया थे शनिवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने डिवीएल कंपनी की जहाज दुर्घटना स्थल पर पहुँच कर कंपनी के अधिकारी से घटना की जानकारी लिया।उन्होंने ने चल रहे राहत कार्य के बारे में डिवीएल कंपनी के अधिकारी भानु सिंह से जानकारी लिया।उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से गोताखोर को बुलाया गया हैं और राहत कार्य जारी है।मौके पर राजमहल विधायक अनंत ओझा ने डिवीएल कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रसिडेंट मधुसूदन दे से बात करके के राहत कार्यो में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने ने अनुमंडल पदाधिकारी से भी राहत कार्यो की जानकारी ली।

और एनडीआरएफ कंट्रोल में दूरभाष पर बात करके राहत बचाव हेतु कहा। इस मौके पर जहाज दुर्घटना में गंगा में डूबने वाले ड्राइवर के परिजनों से विधायक ने मिला और हरसंभव मदद करने हेतु भरोसा दिलाया। पर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष रामदरश यादव,सुनील यादव,रंजन पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने अनुकंपा के आधार पर दो लोगों के बीच बांटा नियुक्ति पत्र, कहा अनुशासित होकर करें काम

**रिपोर्टिंग-अविनाश मंडल**



पाकुड़। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त श्री वरूण रंजन ने मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में लिपिक के पद पर पदस्थापित स्वर्गीय इग्नेयुस मरांडी के पत्नी निभा विश्वास को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में अनुसेवक के पद पर नियुक्त किया गया। प्रखंड कार्यालय अमड़ापाड़ा में लिपिक के पद पर पदस्थापित स्वर्गीय प्रदीप कुमार भंडारी के पत्नी अनिता कुमारी को प्रखंड कार्यालय लिट्टीपाड़ा में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र देने के दौरान उपायुक्त वरूण रंजन ने अनुशासित होकर कार्य करने तथा अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल(पाकुड़)**



जिला हेल्थ सोसायटी अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों का वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए पाकुड़ उपायुक्त वरूण रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की कार्यों की समीक्षा की गई।बैठक में उपायुक्त वरूण रंजन ने एएनसी पंजीकरण, एएनसी चेकअप, हीमोग्लोबिन जांच, पूर्ण टीकाकरण, टी.बी, कालाजार एवं शिशु कुपोषण उपचार केन्द्र आदि कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी योजनाओं में लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं का समय-समय पर एएनसी चेकअप करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं कार्यों को गंभीरता से लेते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का नियमित प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वही संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने व संबंधित जानकारियां पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। एमटीसी में शत प्रतिशत बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया की स्वास्थ्य संबंधित जितने भी मशीनरीं हैं, उसका शत-प्रतिशत उपयोग हो। बैठक में सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पाकुड़, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हिरणपुर एवं एसएमओ डब्ल्यूएचओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# मनरेगा के तहत रोजगार देने में कई ग्राम पंचायत फिसड्डी




मंडरो, साहिबगंज। मनरेगा योजना के तहत मंडरो प्रखंड के कई पंचायतों के मजदूरों को एक सौ दिन तक रोजगार नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड के कई ऐसे ग्राम पंचायत है जहां की मनरेगा योजना के तहत एक भी योजना नहीं चल रहे हैं जिसके कारण वहां के मनरेगा मजदूरों को किसी भी तरह से रोजगार नहीं मिल पा रहा है। उक्त पंचायत के मजदूर दर्जनों पलायन करने को मजबूर हैं। हालांकि राज्य सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत के सभी पंचायतों में महत्वपूर्ण योजना संचालित कर अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का निर्देश सिर्फ कागज पर सीमित है। इसका ताजा उदाहरण मंडरो प्रखंड के कई ऐसे ग्राम पंचायत है जिसका ऑनलाइन परिणाम देखा जा सकता है जहां एक भी मजदूर को रोजगार नहीं मिल रहा है। ना ही एक भी मनरेगा योजना सुचारू रूप से चल रहा है। सरकार के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी मनरेगा योजना यानी मनरेगा जॉब कार्डधारकों को सौ दिन काम दिया जाए। इसके लिए शासन स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारी लगातार निर्देश देते रहते है, लेकिन ग्राम पंचायत स्तर पर इन निदेर्शों का पालन नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को सौ दिन काम देने के लक्ष्य में मंडरो प्रखंड फिसड्डी साबित हो रहा है। मनरेगा के तहत लक्ष्य के सापेक्ष कम मानव दिवस सृजित किए जा रहे हैं। जिस कारण मजदूरों के पलायन की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन के द्वारा इसे पहल करने की आवश्यकता है।

# के०एन०पी०एल० नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन


**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**



पाकुड़/पाकुड़ नगर परिषद के वार्ड नं 11रेलवे यार्ड के समीप मैदान में नॉकआउट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन गुरुवार को वार्ड पार्षद मोनिता कुमारी ने फीता काटकर किया इस टूनार्मेंट में कुल सोलह टीमों ने भाग लिया खेल छ ओवर का रखा गया पहले पारी में मैंटल 11 और बागती पाड़ा का मैच रखा जिसमें बागति पाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरे। पार्षद मोनिता कुमारी ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित व प्रोत्साहित भी किया और दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों का बिंदु बार परिचय लेकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही खिलाड़ियों के साथ हाथ में बल्ला लेकर हाथ भी अजमाया। पार्षद मोनिता कुमारी ने कहा सभी खेल एकता के प्रतीक होता है।इससे युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।उन्होंने साथ में कहा कि छोटे से गांव में रहने वाले महेंद्र सिंह धोनी खेल जगत में उन्होंने प्रदर्शन से पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। उसी प्रकार सभी खिलाड़ी अपने जिले के साथ राज्य व देश का नाम रोशन करें। क्रिकेट आज युवाओं की पहली पसंद है।इससे शहरी क्षेत्र में रहने वाले प्रतिभा का विकास होगा।शहर में प्रतिभा की कमी नहीं है केवल उनको अच्छी दिशा निर्देश की आवश्यकता है। नगर के खिलाड़ियों को अगर अच्छी प्लेटफार्म मिल जाए तो वही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए क्रिकेट में देश-दुनिया प्रदेश व क्षेत्र में नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाजसेवी संतु चौधरी,देवाशीष दास,टूनार्मेंट के आयोजक छोटन मेहरा,अजहरुद्दीन इस्लाम,अनूप मंडल,शिवम सिंह,लव रजक, राजू कुमार बिट्टू राम,परवेज इस्लाम सहित सैकड़ों खिलाड़ी व दर्शक मौजूद थे।

# पिछले दो वर्षो से गरीब परिवार राशन कार्ड बनवाने को लेकर लगा रहे हैं प्रखंड कार्यालय का चक्कर

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता /मोहनपुर



राज्य सरकार राशन कार्ड नाम जोड़ने और नया राशन कार्ड बनवाने की कई व्यवस्था की गई है लेकिन व्यवस्था के अंतर्गत काम करने वाले अधिकारी की उदासीनता ही गरीब जनता को परेशान करती है। शायद अधिकारी भूल गए चलिए हम आपको बता देते हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते दिन देवघर कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अधिकारी गरीब जनता के लिए हित में काम करें पर यह सोच धरी की धरी रह गई। आलम यह है कि प्रखंड के बाघमारी किता खरवा गांव के अमृत यादव ने नया राशन कार्ड बनवाने को लेकर 2 साल पहले ऑनलाइन आवेदन दिया गया था। परंतु अब तक कार्ड नहीं बना वही 2 वर्षो से प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का चक्कर भी लगा लगा कर थक चुका है। अमृत यादव बताते हैं कि हम कुल चार परिवार हैं किसी तरह दिहाड़ी मजदूरी कर बड़ी मुश्किल से परिवार चलाते हैं। राशन कार्ड के बिना ना हो तो अनाज मिलता है और ना ही सरकारी योजना का लाभ मिलता उन्होंने बताया कि आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी आवेदन दिया लेकिन परिणाम सिफर रहा। इतना ही नहीं प्रखंड कार्यालय पहुंच कर राशन कार्ड निर्गत करने के संबंध में पूछताछ की जाती है तो सही जानकारी देने के बदले आश्वासन की घूंट पिला कर लौटा देते हैं।

# मारपीट मामले में जांच करने पहुंची मिजाचौकी थाने की पुलिस



मंडरो। साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडा गांव में सोमवार को आपसी कहासुनी को लेकर पति के द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना पर मिजाचौकी थाने की पुलिस पहुंची। इधर घटना के संबंध में पीड़िता पकु मरांडी से पूछे जाने पर मीडिया को बतायी कि पति गंगा हांसदा के द्वारा नियमित मारपीट की जाती है। लेकिन कई बार पुलिस से शिकायत नहीं करती थी। इधर पुलिस मारपीट मामले में जांच कर रही है।

# कल्पतरु दिवस पर सत्य सनातन संस्था ने किया हजारों गरीबों के बीच भोजन का वितरण

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**



पाकुड़। कल्पतरु दिवस पर रविवार दिनांक 01/01/2023 को सत्य सनातन संस्था के द्वारा हाटपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर मुख्य सड़क के पास कल्पतरु दिवस के उपलक्ष्य में गरीबों के बीच भोजन (प्रसाद ) वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने कहाँ कि जहाँ आधुनिकता की चकाचौध में आज लोग अपनी सभ्यता को भूल रहे है, और 1 जनवरी जो अग्रेजो का नववर्ष में जहां -तहां अच्छे-अच्छे पकवान बनाकर, तामसी भोजन करते है। वही कई गरीब लोग भोजन के लिए तरसते है। हमलोगों का नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है। हम सभी उसी दिन अपना नववर्ष मनाते है। पर लोग अपनी संस्क्रति भूल रही है। जो अग्रेज 200 वर्ष तक हमारे देश को गुलाम बनाए रक्खा, आज सभी आधुनिकता के चकाचौंध में हुतात्माओं का बलिदान भूलकर अंग्रेजों का नववर्ष मनाते है, इसलिए सत्य सनातन संस्था विगत कई वर्षों से कल्पतरु दिवस के उपलक्ष्य में कल्पतरु का पूजन एंव गरीबो के बीच भोजन वितरण का कार्य करते है। संस्था द्वारा पूजन स्थल पर पुरोहित रोहित दास के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया और हनुमान जी का आरती किया गया, उसके बाद सुबह से ही शिविर लगाकर देवी स्वरूपा कुमारी कन्याओं - राजवी चौबे, सुमन कुमारी , भूमि श्रेया ,नैना राजवंशी, मानिक प्रिया ,कोमल स्नेहा , के द्वारा कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया और संस्था के मातृ स्वरूप हमेशा संस्था को सहयोग करने वाली स्वर्गीय साधना दीदी के तस्वीर लगा कर उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया, उसके बाद भक्तो के बीच हनुमान चालीसा वितरण किया गया तथा सभी श्रद्धालुओ के बीच तिलक लागकर स्टाल में प्रसाद वितरण किया गया, संस्था के शिविर में भोजन (प्रसाद) को लेकर लोगो की काफी भीड़ देखी गई। मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष गौतम कुमार , सागर चौधरी , सचिव - चन्दन प्रकाश , सयुक्त सचिव अजय भगत ,कोषाध्यक - अमर ठाकुर , सह सम्पर्क प्रमुख - रोहित दास ,सत्यम कृष्णा , राहुल राय, , गौतम कुमार,विक्की श्रीवास्तव, विक्की रविदास ,जवाहर सिंह, पप्पू रविदास , मिंटू गिरी , प्रशांत दुबे, संतोष कुमार, बिशाल भगत, अमित साहा, सत्यम भगत , अभिनव झा , गौरव कुमार, जितेंद्र सिन्हा ,राकेश सिंह ,अभिनव यादव,हर्ष भगत, कमल किशोर ,कुमार शोर्य , भरत कुमार, अरविंद साहा ,सहित दर्जनों उपस्थित थे।

# भरतपुर के अग्निपीड़ितों को पैक्स अध्यक्ष ने प्रदान की गर्म वस्त्र समेत राहत सामग्री

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड के लालगंज पंचायत वार्ड - आठ स्थित भरतपुर गांव के सिंह जी टोला में शनिवार की दोपहर हुई अगलगी की घटना में छह परिवार के आशियाना खाक हो गये थे। जहां अग्नीपिडित कंपकपाती ठंड में खुले आसमां के नीचे समय गुजारने को मजबुर थे और मुआवजा व सहायता के लिए सरकारी बाबुओं की राह तक रहे थे। घटना के दो दिन बाद सोमवार को लालगंज पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी रंजीत कुमार रमण उर्फ बबलु कुसियैत आगे आये। जिनके द्वारा मानवता दिखाते हुए पीड़ित परिवारों को गर्म वस्त्र सहित राहत सामग्री प्रदान किया गया। श्री बबलू ने अग्नि पीड़ित छः परिवारों के दुख को साझा करते हुए उसके बीच कंबल, साड़ी, धोती, खाद्यान्न सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया। उन्होने पीड़ित परिवारों को ढांढस बधाते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का भी भरोसा दिलाया। जिसके बाद छातापुर सीओ उपेंद्र कुमार भी अगलगी स्थल पर पहूंचे और घटना व अग्नि पीड़ित परिवारों के क्षति का जायजा लिया। सीओ ने आवश्यक जानकारी लेने के बाद पीड़ितों के बीच पालिथीन शीट का वितरण कराया। उन्होने सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी स्तर पर मिलने वाली सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। पैक्स अध्यक्ष श्री बबलू सहित ग्रामीणों ने बताया कि बीते शनिवार को शाम के समय अचानक लगी आग में लालगंज के भरतपुर गांव निवासी महेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा जयप्रकाश शर्मा, बालेश्वर शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा के आधा दर्जन घर सहित नगदी, जेवरात, कागजी दस्तावेज, अनाज, वस्त्र, फर्नीचर सहित सभी घरेलु सामग्री जलकर नष्ट हो गया। आग की लपटे और घर के अंदर रखे गैस सिलैंडर फटने के भय से ग्रामीणों को आग पर काबु पाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन तबतक सबकुछ जलकर खाक हो गया था। आग की चपेट में आकर बी आर 50 9826 नंबर की टीभीएस नई बाइक, एक साइकिल भी जलकर नष्ट हो गया है। इस घटना में पांच लाख मुल्य के संपत्ति के नुकसान होने का अनुमान है। मौके पर विशुनदेव शर्मा, दीपनारायण सिंह, रामानन्द यादव, जोखन शर्मा, अशोक शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, भूमि शर्मा, मुंगालाल शर्मा, ललन सिंह, विजय सिंह, अरविंद लहौटिया मुख्य रूप से मौजूद थे। इस संदर्भ में सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि आधा दर्जन अग्निपीड़ितों को पालिथीन सीट उपलब्ध करा दिया गया है। तत्काल सहायता की राशि बेयरर चेक के माध्यम से दी जा रही है। बताया कि आवास योजना लाभ के लिए पीड़ित परिवार यदि आवेदन देंगे तो उसे बीडीओ को अग्रसारित उनके द्वारा कर दिया जाएगा।

# लंबे समय से ग्रामीणों का मांग गोदापियाल कुरुली नदी पर बने एक पुल

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर नाला प्रखंड से जगबंधु का रिपोर्ट।**

नाला प्रखंड बीते कोई वर्षो से गोदापियाल का कुरूली नदी के ऊपर एक पुल का निर्माण जरूरी है पर अभी तक को सरकार ना कोई जनप्रतिनिधि ने सुध लिया,इस रास्ते होते हुए हर दिन कोई सैकड़ों लोगो का आना जाना लगा रहता है खास कर बारिश के दिन नदी में पानी भर जाने के कारण रहोगिरो का काफी समस्या का सामना करना पढ़ता है जहा इस इस रास्ते को नाला और कुंडहित को जोड़ता है गोदापियाल से अम्बा से होते हुए प्रखंड क्षेत्र कुंडहित तक ही सीमित नही रहा यह रास्ता बंगाल की ओर जाता है,ग्रामीणों का कहना है की नदी पर



पुल बन जाने से हर तरह का कारोबार में भी लोग उपार्जन कर सकेगा।उपस्थित ग्रामीण स्वपन मंडल , माणिक घोष , क्षमाकर माजी,शक्ति पद मंडल और ग्रामीण लोग।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के किया गया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुण्डहित (जामताड़ा): सोमवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में 17वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया । स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं बीच नृत्य ,संगीत खेल ,निबंध, क्विज आदि प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। वही कुणामी मरांडी,अस्मिका हैम्ब्रम, राजीना मुर्मु ,जोली मुर्मु, उषा मुर्मु , छोटूमुनि हैम्ब्रम ,रेखा मुर्मु ,अंकिता किस्कू आदि के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भजहरि मंडल ने कहा कि यह एक ग्रामीण क्षेत्र का विद्यालय है, जहाँ गरबी लेकर से सभी वर्ग के बच्चे पड़ते है।हमारे इस विद्यालय से छात्र - छात्राओं की



प्रतिभा की कमी नहीं है। हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं का नाम पूरे जिले में रोशन है ।कहा कि नवोदय ,मेधा छात्रवृति, अन्य प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हासिल किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष यहा से तैयार किया गया छात्र- छात्राओं को नवोदय विद्यालय में दाखिला ले पा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कहा की मन लगा कर पढ़ें और आगे बढ़े ।बताते चलें कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल का 2 जनवरी 2007 को स्थापना विद्यालय के प्रधानाध्यापक भजहरि मंडल के द्वारा किया गया था।

जहां हर साल बड़ी ही धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के उपस्थित शिक्षाक एवं अतिथि ने भी संबोधित करते हुए छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन दिए।मौके पर शिक्षक समीर किशोर पाल जाकिर अंसारी , सुधीर सेन, निमाई मंडल, गोपीनाथ मंडल जगाबंधु फौजदार, शेखा चौधरी, शुक्ला सिन्हा, सुबोध कर, सुभाष रजक, विश्वनाथ मंडल, विशु चक्रवर्ती रजनीकांत फौजदार के अलावे छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# ग्रामीणों को गुहार जल मीनार को करे ठीक

**दैनिक शुभ भास्कर नाला से जगबंधु के रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा):बीते छः महीने से गोदापियाल के ग्रामीणों द्वारा कोई जगह जल मीनार को ठीक करने की आवाज उठाई पर आज तक किसी ने सुध तक नहीं लिया इस जल मीनार को खराब हो जाने के बाद पानी लिए ग्रामीणों को बहत कष्ट का सामना करना पड़ रहा है ।ग्रामीणों का कहना है की इस जल मीनार को ठीक करे ताकि जो परेशानी हो रहा है उससे हम लोगो को निजात मिले काये बार पंचायता में जानकारी दिए लेकिन कोई



इसको मेरामत का धियान नहीं दिया गया ।उपस्थित ग्रामीणों से गोपी नाथ घोष ,बिस्वजीत मंडल, आदेश माजी, ओर ग्रामीण भी मजूद रहे।

# सबकी विकास सबकी योजना के तहत विशेष ग्रामसभा का किया गया आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा): पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के नगरी पंचायत भवन के सभागार में मुखिया शंकर कोड़ा के अध्यक्षता में सबकी योजना सबकी विकास अभियान के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 23 -24 के लिए जीपीडीपी 2023 हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत गाढवाल ,सिंचाई नाली, सिंचाई कूप ,पशु शेड ,तालाब निर्माण, तलाब मरामती आदि योजनाओं का चयन किया गया। साथ ही पीएम आवास, पेंशन ,ग्राम संगठन



भवन की मांग, एलपीजी गैस, शौचालय, पीसीसी सड़क योजनाओं का भी चयन की किया गया। मौके पर पंचायत सचिव प्रफुल्ला कुमार माझी, रोजगार सेवक हराधन मुर्मू,जेएसएलपीएस के पीआरपी रंजीत यादव, डीईओ नदिया नंद मंडल, वार्ड सदस्य ,फेसिलीटर दीदी, सखी मंडल दीदीयां के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

# जेएसएलपीएस द्वारा फूलो झानो अभियान के तहत हड़िया दारू बीचने वालो को दिया गया दस हजार का चेक

**दैनिक शुभ भास्कर नाला से जगबंधु का रिपोर्ट**

नाला (जामताड़ा) : नाला प्रखंड के मोरबासा क्लस्टर में जेएसएलपीए द्वारा संचालित मोराबासा आजीबिका महिला संकुल संगठन का कपसडंगाल सामुदायिक पुस्तकालय भवन में ए 1 का बैठक संपन्न हुआ जिसमे खास कर सरकार द्वारा कल्याण कारी योजना फूलो झानो के तहत ग्रुप में जुड़े एक दीदी को दस हजार



का चेक सोपा गया और बिभन्न प्रकार काम काज का चर्चा किया गया जिसमे मुख्य रूप से उपस्तीत सीसी और पीआरपी के द्वारा आधार सेडिंग, टैली प्राइम पेमेंट, केडर चयन, काम काज पर समीक्षा,अ६ की काम पर समीक्षा , वीपीआरपी के बारे में चर्चा , सीसीएल लोन के बारे में चर्चा, एसी ओपनिंग ,बिजनेस प्लान के बारे में चर्चा किया गया। आज की बैठक में उपस्तित बीआरपी ,जेआरपी,सीआरपी एढ रुपा मंडल , बृंदा पॉल और सभी केडर उपस्थित थे

# कुंडहित सहित चार स्थानों पर पुलिस ने मारा छापा नहीं मिला शराब



**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा): सोमवार की शाम को वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कुंडहित थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के चार स्थानों पर छापेमारी की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के घर पर की गई छापेमारी मे कुछ भी हाथ नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा कुंडहित मुख्यालय स्थित दो घरों के अलावे बरमसिया नगरी तथा गड़जोड़ी के लोहारपाड़ा में अवैध शराब बेचने वालो के घर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अवैध शराब बरामद नहीं हुआ। गौरतलब है कि कुंडहित मुख्यालय के जिन दो घरों में छापेमारी की गई वहां के लोग पुलिस को देखते ही फरार हो गए। हांलाकि छापेमारी को लेकर क्षेत्र शराब विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

# नाला प्रखंड क्षेत्र टेसजुरिया में बढ़ते धुंध और घने कोहरे में आम जनजीवन प्रभावित

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सेख समीम की रिपोर्ट**

नए साल के शुरूआत में धुंध ओर ठंड बढ़ने से आमजनों प्रभावित हुआ है। आज सोमवार सुबह से ही घने कोहरे में वाहनों एवं आने जाने वाले आमजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लिखे जाने तक कोहरे का आवरण छाया रहा। नाला प्रखंड क्षेत्र में टेसजुरिया एवं अन्य क्षेत्रों में वाहन चालकों से सावधानी बरतने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की है ताकि कोई दुर्घटना न हो। बढ़ते धुंध और घने कोहरे के कारण दुर्घटना की संभावना को लेकर वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि बढ़ते धुंध और घने



कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गयी है जिसके कारण दुर्घटना की संभावना अधिक हो जाती है कहा कि सभी दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित अन्य वाहन मालिकों और चालक दृष्टयता क्लियर होने पर ही वाहन चलाने का प्रयास करें। बहुत जरूरी होने पर ही गति सीमा के अंदर ही सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें ताकि जानमाल की सुरक्षा बनी रहे।

# पुतुलबोना आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र में सहियाओं की हुई क्लस्टर बैठक



**दैनिक शुभ नेट भास्कर अब्दुल रजाक की रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):सोमवार को प्रखंड के गायपाथर क्लस्टर के पुतुलबोना आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र में सहियाओं की क्लस्टर बैठक साहिया साथी पार्वती किस्कु अध्यक्षता में की गई। मौके पर बीटीटी अवध बिहारी राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान आयुषमान भारत कार्ड बनाने, ग्राम स्वास्थ्य, परिवार नियोजन के लिए महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी करवाना, साथ हीं अस्थाई साधनों का वितरण तथा इनडेटं करना, सहियाओ का भुगतान आदि विषयों पर चर्चा विस्तार पुर्वक किया गया। मौके पर बीटीटी अवध बिहारी राम ने उपस्थित सहियाओं को स्वच्छता एवं पोषण समिति के नियमित मासिक बैठक सदस्यों के साथ सुनिश्चित करने के बाद कह गई ।साथ ही सहियाओं का आठ पंजी का मासिक कार्य का जांच बीटीटी अवध बिहारी राम एवं सहिया साथी पार्वती किस्कु के द्वारा किया गया। मौके पर काफी संख्या में साहिया उपस्थिति थी ।

# पुस्तक दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच पुस्तक वितरण, नए सत्र की शुरूआत

**दैनिक शुभ भास्कर सिलीगुड़ी, खोरीबाड़ी।**

पुस्तक दिवस के अवसर पर पूरे पश्चिम बंगाल के साथ खोरीबाड़ी सर्किल में भी पुस्तक दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों में पुस्तक का वितरण किया गया। साथ ही सभी सरकारी विद्यालयों में नये सत्र की शुरूआत हुई। उल्लेखनीय है की 2 जनवरी को पश्चिम बंगाल में पुस्तक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर खोरीबाड़ी सर्किल के 32 प्राथमिक विद्यालयों, 26 शिशु शिक्षा केन्द्र और 5 हाई स्कूलों में भी पुस्तक दिवस धूम धाम से मनाया गया। 2 जनवरी से सभी सरकारी विद्यालयों में नये सत्र की शुरूआत हुई। इस मौके पर सर्वप्रथम विद्यार्थियों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कि शुभकामना संदेश बांटा गया। इसके बाद नये सत्र पर शिक्षक



प्रभारी अथवा प्रधानाचार्य ने भी छात्रों को बधाई संदेश दिया एवं सभी विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह किया गया। दीक्षांत समारोह का आयोजन पहली बार सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा है इसको लेकर विद्यार्थियों में बहुत ही खुशी का माहौल था। तत्पश्चात विद्यार्थियों में नयी पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। रामजनम प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक अंबुज कुमार राय ने बताया कि नए पाठ्यपुस्तकों को पाकर विद्यार्थियों में काफी खुशी देखी जा रही है। और इस वर्ष हिन्दी माध्यम के पुस्तकों की भी कोई कमी नहीं देखी जा रही है। अंबुज कुमार राय ने यह भी जानकारी दी कि नये सत्र के आरंभ होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है । चूंकि बागान क्षेत्रों में समय की कमी के कारण अभिभावक विद्यालय तक जल्दी नहीं आते हैं, इसके लिये हम लोग फिर से पिछले वर्ष की तरह अपने विद्यालय के आस पास के मुहल्लों में जाकर अभिभावकों से मिलकर नामांकन प्रक्रिया जारी रखेंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर खोरीबाड़ी । सिलीगुड़ी –**

आलुआबाड़ी रेलखंड अंतर्गत खोरीबाड़ी प्रखंड के पानीटंकी सिमुलतला इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी । मृतक का पहचान गौर सिंह जोत निवासी सत्यनारायण बर्मन (28) के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार कल रात रेलवे लाइन के किनारे से घर लौट रहा था। इस बीच सिलीगुड़ी से अधिकारी की ओर जा रही कंचनकन्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। बाद में पुलिस और जीआरपी ने आकर शव को बरामद किया। इसके बाद अग्रिम कार्यवाई करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा । पुलिस पूरी घटना की जांच में जुट गई है ।

# सदर अस्पताल में तरुण गुप्ता ने किया कंबल का वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर। मनीष बरणवाल। जामताड़ा।**

पुस की कड़कड़ाती ठंड और घने कोहरे के बीच आज जामताड़ा सदर अस्पताल के डिलेवरी महिला वार्ड में पहुंचकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह संथाल परगना के प्रभारी तरुण गुप्ता ने दोनों वार्ड के करीब 25 गर्भवती महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर तरुण गुप्ता ने कहा कि दो-तीन दिनों से जिस तरह कड़ाके की ठंड पड़ रही है। साथ ही घने कोहरे ने ठंड का तापमान बढ़ा दिया है ,ऐसे समय में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित रहना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। मुझे लगा अगर इस समय मैं थोड़ी सी भी अपनी संवेदना इन लोगों के प्रति



प्रकट कर सकूं तो बहुत बड़ी बात होगी ।इसी बात को लेकर आज मैं सदर अस्पताल पहुंचकर इन लोगों का हाल चाल लेते हुए कंबल वितरण करने का एक छोटा सा गिलहरी प्रयास किया हूं। उन्होंने बताया कि लगातार 21 नवंबर से कंबल वितरण करने का कार्यक्रम अपनी गति से चल रहा है।

# हेल्प फॉर पीपल महेशपुर द्वारा दो मरीज का किया मदद

**रिपोर्टिंग- अविनाश मंडल**

पाकुड़। हेल्प फॉर पीपल में रिक्वेस्ट आया था की पाकुड़िया से दूर धोबना गांव में नईमुद्दीन अंसारी नामक एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति है, जिसका इलाज रांची में चल रहा है और वे अभी बहुत तकलीफ में है, फिर हेल्प फॉर पीपल महेशपुर के टीम ने वहा विजिट किया तो पता चला की उनका इलाज रांची में चल रहा है, और कीमो भी एक बार कराया है लेकिन दवाई और आने जाने का खर्च में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रुप द्वारा भाई को पांच हजार रूपया राशि दिया गया। फिर उसी गांव के एक भाई ने जानकारी दिया की एक और मरीज है



राजिप मिया जो आंखों से अंधा हो गया है और काफी परेशान है मरीज के पिता से जानकारी मिला की उनका इलाज के लिए नेपाल भी गए थे लेकिन इलाज ना हो पाया अभी लोकल में दवाई करा रहा है फिर हेल्प फॉर पीपल के टीम द्वारा उस मरीज को तीन हजार रूपए नगद राशि दिया गया मौके पर ग्रुप के साथीगण और भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# नववर्ष का संकल्प, समाज के उत्थान में लगायेंगे तन मन धन

**दैनिक शुभ भास्कर। मनीष बरणवाल। जामताड़ा।**

नया वर्ष नई अभिलाषा सूर्य की लालिमा के साथ नए वर्ष का आगमन। नई ऊर्जा के साथ नया संकल्प लेने का समय। बीते वर्ष से कुछ बेहतर करने का संकल्प। नए वर्ष 2023 में 2022 से बेहतर करने का संकल्प ले रहे हैं ऐसे ही कुछ संस्था के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनके संकल्पों के बाबत जानकारी ली गई। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष चंदन परशुराम का ने कहा कि नये वर्ष में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों के द्वारा समाज में बेरोजगार युवकों को रोजगार से जोड़ने का कार्य करेगी। साथ ही वर्ष 2023 में रक्तदान कर मानव कल्याण का काम करेगी। इसके साथ ही गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उन्हें साक्षर बनाने का कार्य करेगी। चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव विजय वर्णवाल ने कहा कि वे नए वर्ष 2023 में व्यापारियों से जुड़े समस्याओं के समाधान के प्रति ज्यादा संजीदा रहेंगे। साथ ही सामाजिक सरोकार के लेकर भी चेंबर ऑफ कॉमर्स पूर्व की भांति इस वर्ष भी कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के हित के लिए सदैव आगे रहेगा। मारवाड़ी युवा मंच समृद्धि शाखा की मीडिया प्रभारी वंदना नरनोलिया ने बताया कि वर्ष 2022 में स्मृति शाखा का गठन हुआ था। जबसे गठन हुआ है तब से समाज की महिलाओं के उत्थान के प्रति स्मृद्धि शाखा तत्पर है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, दो की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर खड़गपुर :**

पश्चिम मेदिनीपुर जिला अंतर्गत खड़गपुर तहसील के डेबरा में नेशनल हाईवे 16 पर सोमवार को भीषण हादसा हो गया. चार पहिया वाहन के नियंत्रण से बाहर हो जाने और सड़क किनारे कई लोगों को टक्कर मारने से 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल हो गए. पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर हल्दिया से मेदिनीपुर के रास्ते में डेबरा के पास एक छोटा चारपहिया वाहन अनियंत्रित हो गया. इससे बेकाबू कार ने आसपास मौजूद लोगों को अपनी चपेट में लेते हुए चिकन की एक बंद दुकान में घुस गई .वाकये में एक की मौके पर ही मौत हो गई। .एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतकों की पहचान डेबरा थाना क्षेत्र के निवासी निर्मल भुइयां (27) और कल्पना मन्ना (58) के रूप में की गई.इस घटना में 5 और लोग घायल हो गए. इनमें से दो को गंभीर हालत में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है. .बाकी का डेबरा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डे बरा थाने की पुलिस घटना की जांच में जुट गई है. समाचार प्रेषण तक मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं थी।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737,प्रजापति पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।